www.epaper.azadsipahi.in




कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

रांची | 29 सितंबर, 2025, सोमवार, वर्ष 10, अंक 339, आश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







# पाकिस्तान के हलक से जीत को खींच लिया 'तिलक' ने

## भारत नौवीं बार बना चैंपियन : पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया, नवरात्र में मनी दीपावली

- तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रन बनाये
- रिंकू सिंह ने लगाया विनिंग चौका

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय टीम ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद ऑपरेशन एशिया कप भी अपने नाम कर लिया है। भारत ने नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। तिलक वर्मा की बेहतरीन पारी की बदौलत इंडिया ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया और पाकिस्तान के हलक से जीत को खींच लिया। रविवार को 147 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 20वें ओवर की चौथी बॉल पर जीत हासिल की। रिंकू सिंह ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलायी। तिलक वर्मा 69 रन बना कर नाबाद लौटे।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस हार कर पहले बैटिंग करने वाली पाकिस्तान की टीम 19.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गयी। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिये। पाकिस्तान से साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाये।



तिलक वर्मा (53 गेंद, 3 चौके और 4 छक्के, 69 रन नाबाद) और शिवम दुबे (22 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के, 33 रन) की जबरदस्त बैटिंग के दम पर भारत ने 2 गेंद रहते लक्ष्य फतह कर लिया। टूर्नामेंट में सिर्फ एक गेंद खेलने वाले रिंकू सिंह (4 नाबाद) ने चौके से मैच फिनिश किया। 18वें ओवर में हारिस रऊफ को 13 रन पड़े, तो मैच में रोमांच वापस आ गया। यही ओवर टर्निंग पॉइंट भी साबित हुआ। अब भारत को आखिरी के 2 ओवरों में जीत के लिए 17 रनों की जरूरत थी, लेकिन फहीम अशरफ फिटनेस से जूझते दिखे और इसकी वजह से मैच को लगभग 7 मिनट के लिए रोकना पड़ा। 19वें ओवर में शिवम दुबे का विकेट गिरा और 7 रन बने। इस तरह से भारत को जीत के लिए आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे, जिसे तिलक वर्मा ने पहली गेंद पर 2 रन, दूसरी गेंद पर छक्का, तीसरी गेंद पर सिंगल लेकर स्कोर बराबर कर दिया।

### मोदी ने दी बधाई

भारत की जीत पर पीएम मोदी ने पोस्ट कर लिखा : खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर। हमेशा की तरह भारत फिर जीत गया। हमारे खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई।




# धरा पर उतरीं मां, दर्शन कर भावविभोर हुए भक्त

■ राजधानी की सड़कों पर भक्तों का रेला | ■ चहुंओर भक्ति और उल्लास का संगम | ■ पंडालों की रौनक ने भरा उत्साह में रंग

## शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे, सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोस्तुते



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में दुर्गोत्सव का उल्लास पसर गया है। धरा पर उतरीं मां भवानी के दर्शन कर भक्त भावविभोर हो रहे हैं। 'या देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिताः' और 'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके' जैसे मंत्रों के उद्घोष के बीच पूजा पंडालों में भक्त उमड़ पड़े हैं। सड़कें भक्तों से अटी पड़ी हैं। राजधानी की हवाओं में सुबह-शाम आरती और घंटी की ध्वनि और धूप-अगरबत्ती की सुगंध वातावरण को भक्तिमय बना रही है। उधर राजधानी के भव्य पंडालों और आसपास बिखरी रौनक ने भक्तिमय वातावरण में उल्लास का रंग भर दिया है। माता की तेजोमय आभा का दर्शन करने के बाद श्रद्धालु पंडाल के बाहर की सजावट और मेला को देख कर निहाल हो रहे हैं।


### जगमग लाइट से सड़कें हुईं रौशन

दुर्गा पूजा समितियों द्वारा पंडाल के साथ आसपास की सड़कों की भी सजावट की गयी है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाये गये हैं, जिन पर विभिन्न कलाकृतियां की गयी हैं और उन्हें बिजली से रोशन किया गया है।

### पुलिस प्रशासन चौकस

दुर्गोत्सव के दौरान सड़कों पर उमड़नेवाली भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी दिक्कतों को दूर करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ पूजा समितियां और अन्य स्वयंसेवी संगठन चौकस रहे। पूजा पंडालों में प्रवेश और निकास को बाधारहित बनाये रखने के लिए पूजा समितियों के स्वयंसेवक लगातार मुस्तैद रहे। पूजा पंडालों के बाहर भी भीड़ और वाहन नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन के साथ स्वयंसेवी संगठनों के लोग सक्रिय रहे। भीड़ में खोनेवाले लोगों की मदद के अलावा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही।

**इस साल षष्ठी से उमड़ने लगी भीड़ :** दुर्गोत्सव में अमूमन सप्तमी तिथि से पंडालों में भीड़ होती है, लेकिन इस बार षष्ठी तिथि, यानी रविवार से ही श्रद्धालुओं की भीड़ सड़कों पर दिखी। रविवार को दोपहर में हुई बारिश ने हालांकि पूजा के रंग में खलल डाली, लेकिन शाम होते-होते मौसम सुहाना हो गया। भक्तों का हुजूम पंडालों की ओर चल पड़ा। श्रद्धालु देर रात तक एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर माता का दर्शन करते रहे। हर उम्र के लोग मां के दरबार की ओर बढ़े चले जा रहे थे। मां के भक्ति गीतों से माहौल और भक्तिमय हो रहा था।




### 'मन की बात' का 126वां संस्करण

## पीएम मोदी ने की झारखंड के आशीष के काम की तारीफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें संस्करण में झारखंड और बिहार के दो युवाओं के कार्यों और प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि खादी की तरह ही देश के हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। आज हमारे देश में ऐसे कई उदाहरण सामने आ रहे हैं, जो बताते हैं कि अगर परंपरा और इनोवेशन (नवाचार) को एक साथ जोड़ दिया जाये, तो अद्भुत परिणाम मिल सकते हैं।

### आशीष सत्यव्रत ने जोहार ग्राम बोर्ड के जरिये आदिवासी बुनाई और परिधानों को वैश्विक मंच तक पहुंचाया



प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड के आशीष सत्यव्रत साहू ने जोहार ग्राम बोर्ड के जरिये आदिवासी बुनाई और परिधानों को वैश्विक मंच तक पहुंचाया है। उनके प्रयासों से आज झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को दूसरे देशों के लोग भी जानने लगे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के मधुबनी जिले की स्वीटी कुमारी ने भी संकल्प सृजन की शुरुआत की। स्वीटी कुमारी ने मिथिला पेंटिंग को महिलाओं की आजीविका का साधन बना दिया है। आज पांच सौ से ज्यादा ग्रामीण महिलाएं उनके साथ जुड़ी हैं और आत्मनिर्भरता की राह पर हैं। सफलता की ये सभी गाथाएं हमें सिखाती हैं कि हमारी परंपराओं में आय के कितने ही साधन छिपे हुए हैं। अगर इरादा पक्का हो, तो सफलता हमसे दूर नहीं जा सकती।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# भारत के हितैषी तो नहीं ही हैं सोनम वांगचुक

## ■ भारत के खिलाफ रची गयी गंभीर साजिश का सूत्रधार है यह शख्स

## ■ इसके पीछे की तमाम ताकतों को अब बेनकाब करने की जरूरत

## ■ महज संयोग नहीं है लेह-लद्दाख इलाके में धधकी आंदोलन की आग

**आजाद सिपाही विशेष**

**लद्दाख, अपनी शांत और सौम्य संस्कृति के लिए पहचाना जाता है, लेकिन वहां अशांति और असंतोष पनपाने की कोशिश की गयी। इस परिदृश्य के केंद्र में हैं सोनम वांगचुक। यह वही नाम है, जो कभी शिक्षा सुधार और पर्यावरणीय नवाचार का प्रतीक था, पर आज शांति और व्यवस्था के लिए खतरे के रूप में सामने आया है। सोनम वांगचुक की प्रारंभिक छवि प्रेरक की रही है। अपने एनजीओ सेकमोल (एसइसीएमओएल) के माध्यम से उन्होंने शिक्षा को लद्दाख की स्थानीय आवश्यकताओं से जोड़ा और आइस स्तूपा जैसी तकनीक ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलायी। लेकिन 2019 के बाद, जब लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा मिला, उनका रुख धीरे-धीरे बदलने लगा। जो व्यक्ति पहले भारत का समर्थक माना जाता था, वही अब सत्ता के खिलाफ मोर्चा खोलने लगा। सोनम वांगचुक ने लद्दाख की नाजुक पारिस्थितिकी के नाम पर बार-बार अनशन और आंदोलन किये, लेकिन यह भी तथ्य है कि उनके आंदोलनों ने स्थानीय युवाओं में असंतोष को हवा दी। हाल ही में हुई हिंसा में चार निर्दोष जानें गयीं, सैकड़ों घायल हुए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा। यह सब तब हुआ, जब वांगचुक उपवास पर थे और उन्होंने कई बार उकसाने वाले बयान दिये। सवाल यह उठता है कि यदि आंदोलन केवल शांतिपूर्ण था, तो यह हिंसा क्यों और कैसे हुई। अब लद्दाख के डीजीपी ने जो कुछ कहा है और वांगचुक के पाकिस्तानी कनेक्शन का खुलासा किया है, तो साफ हो गया है कि यह कथित समाजकर्मी कुछ और भले ही हो, भारत का हितैषी तो नहीं ही है। लद्दाख में भड़की आंदोलन की आग ने सोनम वांगचुक के असली चेहरे को बेनकाब तो किया ही है, उसके पीछे की ताकतों को भी सामने लाया है। क्या है सोनम वांगचुक का पूरा इतिहास और लद्दाख में भड़के आंदोलन का क्या है सच, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**


राकेश सिंह
संपादक

भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र लद्दाख हाल के कुछ समय से लगातार राजनीतिक उथल-पुथल और असंतोष का केंद्र बना हुआ है। ऐसा लगता है कि कोई साजिश है, जो इस क्षेत्र को लगातार गलत कारणों से सुर्खियों में रख रही है। ऐसा लगता है कि कुछ ताकतें हैं, जो यहां असंतोष भड़काने में लगी हुई हैं। कश्मीर में पत्थरबाजी बंद होना और लद्दाख में शुरू होना कोई संयोग है या विदेशी ताकतों का प्रयोग, इस बात का पता तो जांच एजेंसियां लगा ही लेंगी, लेकिन इतना तो स्पष्ट दिख ही रहा है कि स्वभाव से शांत रहने वाले इस केंद्र शासित प्रदेश में अशांति फैलाने के प्रयास निरंतर हो रहे हैं। लद्दाख में हुई हिंसक घटनाओं ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गयी और 80 से अधिक लोग घायल हो गये। खास बात यह रही कि इन घटनाओं के केंद्र में पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का नाम एक बार फिर प्रमुखता से उभर कर सामने आया है। 2009 में एक फिल्म आयी थी “थ्री इडियट्स”, जिसमें फुंसुक वांगडू नाम के किरदार ने बहुत सुर्खियां बटोरी थी। उस किरदार को आमिर खान ने निभाया था। यह किरदार नयी सोच, इनोवेशन और पर्यावरण से लगाव रखने के लिए बेहद मशहूर हुआ था। आमिर खान का ये कैरेक्टर सोनम वांगचुक से प्रेरित था, जो इन दिनों चर्चा में हैं।

### आंदोलन की कहानी साल 2019 में केंद्र सरकार के एक फैसले से जुड़ी है

लेह में बुधवार को हुई हिंसा की कहानी साल 2019 में केंद्र सरकार के एक फैसले से जुड़ी है, जब लद्दाख को जम्मू कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। तब से लेकर आज तक स्थानीय लोग लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग पर अड़े हैं और इसे लेकर सोनम वांगचुक की अगुवाई में लगातार प्रदर्शन, मार्च और अनशन होते आये हैं। जम्मू कश्मीर से साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के साथ-साथ इसका विभाजन किया गया और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया गया। उस दौरान सोनम वांगचुक ने मोदी सरकार की सराहना भी की थी। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर से विधानसभा के बिना अलग केंद्र शासित प्रदेश बना, जहां सिर्फ एक लोकसभा सीट है। लद्दाख के लोग शुरू में तो इस अलगाव से खुश थे, क्योंकि लंबे समय से वे जम्मू-कश्मीर से अलग पहचान चाहते

चाहते थे। लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस जैसे संगठन लगातार केंद्र सरकार से बातचीत कर लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं।

### सोनम वांगचुक भी इस आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा

आंदोलन का नेतृत्व मुख्य तौर पर लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से किया जा रहा है। सोनम वांगचुक भी इस आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा हैं। लद्दाख के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा उनकी सबसे प्रमुख मांग है। इसके अलावा संविधान की छठी अनुसूची के तहत लद्दाख को स्वायत्त और जनजातीय क्षेत्र का दर्जा देना, लद्दाख के लिए अलग पब्लिक सर्विस कमीशन का गठन, लेह और कारगिल के लिए अलग-अलग लोकसभा सीटों की मांग भी जोर पकड़ रही है। उनका साफ कहना है कि छठी अनुसूची में शामिल हुए बिना लद्दाख के प्राकृतिक संसाधनों का बाहरी कंपनियों के शोषण से बचना मुश्किल हो जायेगा और इससे स्थानीय संस्कृति खतरे में पड़ सकती है। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनने के एक साल बाद, यानी 2020 में स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ा, क्योंकि केंद्र सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सोनम वांगचुक ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को उठाना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए लद्दाख की संस्कृति को बचाने की जरूरत पर स्थानीय लोगों को एकजुट करना शुरू किया। इसके बाद साल 2022 में लद्दाख में पानी और संसाधनों के लिए बढ़ते दबाव को देखते हुए सोनम वांगचुक ने पानी का मुद्दा उठाया। इस दौरान प्रदेश में कई जगहों पर प्रदर्शन हुए, लेकिन तब तक पड़े पैमाने पर आंदोलन की शुरूआत नहीं हुई थी। साल 2023 में सोनम वांगचुक ने दावा किया कि उन्हें लद्दाख में घर में नजरबंद किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये बताया कि प्रशासन ने उनसे एक बांड पर साइन करने को कहा, जिसमें उन पर कोई बयान न देने का दबाव डाला गया था। सोनम वांगचुक ने इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टैग करते हुए लद्दाख के लिए अपनी मांगों को दोहराया। इस साल लेह और कारगिल में प्रदर्शन हुए, जिनमें स्थानीय संगठनों ने लद्दाख की मांगों का समर्थन किया। वांगचुक ने फिर से लद्दाख की सांस्कृतिक सुरक्षा का मुद्दा उठाना शुरू कर दिया।

### धीरे-धीरे आंदोलन हिंसक हो गया

साल 2024 से आंदोलन ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया। सोनम वांगचुक ने 6 मार्च को 21 दिन का अनशन शुरू किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ नमक और पानी लिया। इलाके की दुर्गमता को देखते हुए इस सर्द जगह पर में यह अनशन मुश्किल चुनौती थी।



अनशन खत्म करने के बाद सोनम वांगचुक ने कहा कि यह आंदोलन का अंत नहीं, बल्कि एक नयी शुरूआत है। इसके बाद जुलाई 2024 में सोनम वांगचुक ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर लद्दाख के प्रतिनिधियों के साथ केंद्र बातचीत शुरू नहीं करता है, तो वह स्वतंत्रता दिवस पर 28 दिन का अनशन शुरू करेंगे। उन्होंने करगिल विजय दिवस के दौरान पीएम मोदी को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें उनकी चार मांगों को दोहराया गया था। सितंबर 2024 में सोनम वांगचुक ने लेह से दिल्ली तक करीब एक हजार किलोमीटर की “दिल्ली चलो पदयात्रा” शुरू की। 30 सितंबर को दिल्ली के सिंघु बॉर्डर पहुंचने पर दिल्ली पुलिस ने उन्हें और उनके समर्थकों को हिरासत में ले लिया। वांगचुक ने इसे “अलोकतांत्रिक” बताया। दिल्ली में कुछ विपक्षी नेताओं ने उनकी मांग का समर्थन भी किया और उनसे मुलाकात की। इसके बाद अक्टूबर 2024 में हिरासत से रिहा होने के बाद सोनम वांगचुक ने जंतर-मंतर पर अनशन की इजाजत मांगी, लेकिन पुलिस ने इसे भी नामंजूर कर दिया। फिर उन्होंने दिल्ली के लद्दाख भवन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। इस दौरान स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया जैसे संगठनों ने उनका समर्थन किया। वांगचुक ने 21 अक्टूबर 2024 को 16 दिन की भूख हड़ताल के बाद अनशन खत्म किया, जब गृह मंत्रालय ने दिसंबर में उनकी मांगों पर बातचीत का भरोसा दिया। दिसंबर 2024 में वांगचुक ने खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल से मुलाकात की, जो एमएसपी की मांग को लेकर अनशन पर थे। वांगचुक ने किसानों के साथ एकजुटता दिखायी और लद्दाख के लोगों की ओर से समर्थन जताया। इसके बाद दस सितंबर को सोनम वांगचुक ने लेह के शहीद पार्क में 35 दिन का अनशन शुरू किया। लद्दाख में बुधवार 24 सितंबर को आंदोलन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों, खासकर युवाओं ने लेह में बीजेपी कार्यालय और हिल काउंसिल पर पथराव किया और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। इस हिंसा के लिए केंद्र सरकार ने वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया। सरकार का आरोप है कि “अरब स्प्रिंग” और जेन जी प्रोटेस्ट का जिक्र कर भीड़ को उकसाया गया।

### विदेशी फंडिंग

सोनम वांगचुक पर आरोप है कि उनके एनजीओ हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख ने अपने एफसीआरए अकाउंट में स्थानीय दान प्राप्त किया, जो विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) 2010 के सेक्शन 17 का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अलावा, एचआइएएल ने एफसीआरए रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने से पहले ही विदेशी फंड प्राप्त कर लिया था, जो इसी कानून के सेक्शन 11 का उल्लंघन है। वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए एनजीओ एचआइएएल ने दावा किया कि उसकी कोई विदेशी आय नहीं थी, लेकिन इस अवधि के दौरान उसने विदेशी फंड प्राप्त किया, जो कंपनी एक्ट और भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 467 का उल्लंघन है। 2023 में शेसियन इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक लाभकारी कंपनी के तहत एक नया अकाउंट खोला गया, जिसके डायरेक्टर सोनम वांगचुक और गीतांजलि जेबी थे।

### एफसीआरए के कानूनों का उल्लंघन

विदेशी फंड सोनम वांगचुक के पर्सनल और ज्वाइंट अकाउंट में जमा हुए। यह एफसीआरए 2010 का सीधा उल्लंघन है। 2021 से मार्च 2024 तक उन्होंने विदेशों में करोड़ों रुपए ट्रांसफर किए, जिससे मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका पैदा होती है, खासकर इसलिए कि ये विदेशी फंड अज्ञात संस्थाओं को भेजे गये, जबकि वे अपने पर्सनल अकाउंट में विदेशी फंड प्राप्त करते रहे। सोनाम वांगचुक की वित्तीय अनियमितताओं के तहत हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स, लद्दाख संस्था को मिले दान में वित्त वर्ष 2023-24 में 6 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 15 करोड़ रुपये से अधिक की भारी वृद्धि हुई है। एचआइएएल के 7 बैंक अकाउंट हैं, जिनमें से 4 घोषित नहीं हैं। उन्हें एफसीआरए रजिस्ट्रेशन के बिना 1.5 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी फंडिंग मिली है। एचआइएएल से शेश्योन इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड को 6.5 करोड़ रुपये की भारी रकम ट्रांसफर की गयी है। स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (एसइसीएमओएल) के 9 बैंक अकाउंट हैं, जिनमें से 6 घोषित नहीं हैं। शेश्योन इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड वित्त वर्ष 2024-25 में 9.85 करोड़ रुपये के टर्नओवर पर कंपनी का नेट प्रॉफिट सिर्फ 1.14 प्रतिशत है, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 6.13 प्रतिशत नेट प्रॉफिट की तुलना में काफी कम है। इस कंपनी के 3 बैंक अकाउंट हैं, जिनमें से 2 घोषित नहीं हैं।

### वांगचुक के एनजीओ का लाइसेंस क्यों कैंसिल हुआ

वांगचुक पर विदेशी प्रभाव का सबसे बड़ा आरोप है। सरकार और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एसइसीएमओएल और एचआइएएल से जुड़े पंजीकरण में कथित अनियमितताएं सामने आने के बाद इनकी अनुमतियां रद्द की गयीं। कई बार रिपोर्टिंग में आवश्यक जानकारी समय पर जमा नहीं की गयी। प्राप्त फंड के उपयोग और घोषित उद्देश्यों में असंगति बतायी गयी। सरकार का तर्क है कि विदेशी चंदे के उपयोग की पारदर्शिता नहीं है। नतीजा यह हुआ कि गृह मंत्रालय ने एफसीआरए लाइसेंस नवीनीकरण को रद्द कर दिया। लाइसेंस कैंसिल होने का मतलब यह है कि अब संगठन सीधे विदेशी दान नहीं ले सकता। उन्हें केवल घरेलू फंड, डोनेशन या सीएसआर से ही काम चलाना होगा।

### वांगचुक की गतिविधियां संदिग्ध हैं

लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को बताया कि सोनम वांगचुक के खिलाफ पाकिस्तान से कथित संबंधों को लेकर जांच जारी है। यह जांच पिछले महीने एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई है, जो वांगचुक के विरोध प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था। डीजीपी जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का मुख्य सूत्रधार बताया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हुए। शुक्रवार को वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लेकर राजस्थान के जोधपुर जेल भेज दिया गया। डीजीपी ने कहा अब तक जांच में जो सामने आया है, उसे फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। लेकिन वांगचुक के भाषणों और गतिविधियों से यह साफ है कि उनकी मंशा लोगों को भड़काने की थी। उन्होंने “अरब स्प्रिंग” और नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में हुए आंदोलनों का जिक्र कर लोगों को उकसाया। उन्होंने बताया कि विदेशी फंडिंग और एफसीआरए उल्लंघन की भी जांच की जा रही है। एक पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव को पकड़ा गया है, जो वांगचुक के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के वीडियो पाकिस्तान भेज रहा था। पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ विदेश यात्राओं को भी संदिग्ध बताया। वांगचुक ने पाकिस्तान के एक मीडिया हाउस “द डॉन” के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और बांग्लादेश की यात्रा भी की थी। डीजीपी ने कहा कि वांगचुक लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से चल रहे राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर आंदोलन का चेहरा बने थे, लेकिन उन्होंने संवाद प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और लद्दाख प्रतिनिधियों के बीच 25 सितंबर को एक अनौपचारिक बैठक प्रस्तावित थी, लेकिन वांगचुक ने उसी दिन भड़काऊ वीडियो और बयान जारी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, जिसका नतीजा हिंसक झड़पों के रूप में सामने आया। एलजी कविंद्र गुप्ता के विदेशी साजिश के बयान का समर्थन करते हुए डीजीपी ने कहा कि तीन नेपाली नागरिकों को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अन्य संदिग्ध विदेशी नागरिकों की भूमिका भी सामने आ रही है। बुधवार की हिंसा के मामले में अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 6 प्रमुख षड्यंत्रकारी माने जा रहे हैं। डीजीपी जमवाल ने कहा, साफ है कि वांगचुक ही इस पूरे घटनाक्रम के मुख्य प्रेरक थे, इसलिए उन्हें राज्य से बाहर की जेल में रखा गया है।

### सोनम वांगचुक किसका मोहरा

सोनम वांगचुक ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद लद्दाख में ही एक एनजीओ शुरू किया, जिसका नाम है स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (एसइसीएमओएल), सबसे बड़ा प्रश्न यही उठता है कि इस एनजीओ का कनेक्शन क्या है और कहां-कहां से है? सारी कहानी यहीं से निकल कर सामने आती है। जब इस संस्था की तह पर जाकर इसे देखते और समझते हैं, तो पता चलता है कि इसके तार ऐसी संस्थाओं से जुड़े हुए हैं. जिसने 1970 के दशक में “डीप स्टेट” के एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोपेगेंडा फैलाया। 1988 में सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित एसइसीएमओएल के संबंध “फ्यूचर अर्थ नेटवर्क्स” से जुड़े हुए हैं। अब यह फ्यूचर अर्थ नेटवर्क्स ऐसी संस्था है, जिसका फाउंडर पॉल श्रीवास्तव है, जो “द क्लब ऑफ रोम” का को-प्रेसिडेंट है। द क्लब ऑफ रोम के माध्यम से ही 1970 के दशक में पहली बार “जलवायु संकट” की बात उठायी गयी थी, जो इनकी 1971 की रिपोर्ट “लिमिट्स ऑफ ग्रोथ” में सामने आयी। इसमें दुनिया की अत्यधिक आबादी की बात भी कही गयी थी। यह संस्था सीधे तौर पर अमेरिका के रॉकफेलर फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित एवं स्थापित की गयी थी।

### पाकिस्तान से लौटते ही भारत में विरोध प्रदर्शन और जमीन का मामला

2018 में सोनम वांगचुक के हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख को फ्यांग गांव में करीब 1200 कनाल जमीन दी गई। शर्त थी कि वे दो साल में निर्माण पूरा करेंगे और 14 करोड़ रुपये प्रीमियम देंगे। न तो निर्माण हुआ और न ही भुगतान। उल्टा, बार-बार छूट की मांग की गई। जब तक मामला बढ़ा, बकाया 30 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। एचआइएएल को न विश्वविद्यालय का दर्जा मिला और न ही यूजीसी याएआइसीटीइ से मान्यता। इसके बावजूद यहां डिग्री बांटी गई और दीक्षांत समारोह भी किये गए। यानी सैकड़ों छात्रों का करियर दांव पर लगा। लद्दाख स्वायत्त परिषद के चेयरमैन ताशी ग्याल्सन ने भी कहा कि यह साफ धोखाधड़ी है। सबसे बड़ा खुलासा फरवरी 2025 में हुआ जब वांगचुक पाकिस्तान के ₹ब्रीद पाकिस्तान₹ कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। ठीक दो दिन बाद भारत लौटकर पुणे में आंदोलन खड़ा कर दिया। सवाल यह है कि पाकिस्तान से लौटते ही भारत में विरोध प्रदर्शन क्यों शुरू हुए। क्या यह सब संयोग है या किसी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा। लद्दाख जैसे संवेदनशील इलाके में, जो चीन और पाकिस्तान दोनों से सटा है, ऐसे कदम गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

### सोनम के पिता सोनम वांग्याल कांग्रेस के बड़े नेता थे

सोनम वांगचुक एक इंजीनियर, इनोवेटर और शिक्षाविद हैं, और साथ ही क्लाइमेट को लेकर एक जागरूक एक्टिविस्ट हैं। गौरतलब है कि सोनम वांगचुक एक ऐसे परिवार से आते हैं, जो लद्दाख का समृद्ध एवं प्रभावशाली परिवार रहा है। सोनम के पिता सोनम वांग्याल कांग्रेस के बड़े नेता थे, साथ ही वो जम्मू कश्मीर सरकार में मंत्री भी थे। सोनम वांगचुक ने अपनी संस्था के गठन के बाद से ही जितने प्रोजेक्ट लिये, उनमें से अधिकांश में विदेशी संस्थाओं की फंडिंग होती थी। वर्ष 2002 में सोनम वांगचुक को अशोका फेलोशिप मिली, जो स्कॉल फाउंडेशन और रॉकफेलर फाउंडेशन जैसी संस्थाओं से वित्तपोषित है। वर्ष 2004 में जब यूपीए की सरकार बनी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री चुने गये, तब सोनम वांगचुक को दिल्ली में बैठी केंद्र सरकार से विशेष समर्थन हासिल हुआ। पहले तो सोनम वांगचुक को “लद्दाख हिल काउंसिल विजन डॉक्यूमेंट लद्दाख 2025” की ड्राफ्ट कमेटी में शामिल किया गया। और फिर इसके बाद शिक्षा एवं पर्यटन के बनने वाली नीति के लिए भी सोनम वांगचुक को कमेटी में रखा गया। सोनम वांगचुक द्वारा बनाए गए डॉक्यूमेंट का अंततः मनमोहन सिंह ने 2005 में विमोचन किया। वर्ष 2005 में ही सोनम वांगचुक को मनमोहन सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय में प्राथमिक शिक्षा के नेशनल गवर्निंग काउंसिल में सदस्य के रूप में शामिल किया गया। फिर 2007 से 2010 तक सोनम वांगचुक ने डेनमार्क के एक एनजीओ के शिक्षा सलाहकार के रूप काम किया। यह एक ऐसा एनजीओ था जो शिक्षा मंत्रालय को शिक्षा में सुधार के लिए काम कर रहा था।

### वांगचुक को वैश्विक परिदृश्य पर लाने का काम

इसके बाद सोनम वांगचुक को वैश्विक परिदृश्य में लाने का काम शुरू होता है 2016 में। इसी वर्ष वांगचुक को इंटरनेशनल फ्रेड एम पैकर्ड पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार प्रकृति के संरक्षण के लिए स्विट्जरलैंड स्थित एक संस्था देती है। इसमें दिलचस्प बात यह है कि इस पुरस्कार को पूरी तरह से रॉकफेलर फाउंडेशन, प्यू, पैकवर्ड फाउंडेशन जैसी संस्थाएं वित्तपोषित करती हैं। वर्ष 2017 में सोनम वांगचुक को टीएन खोशू मेमोरियल द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने के लिए पुरस्कृत किया जाता है। गौरतलब है कि यह पुरस्कार भी फोर्ड फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित होता है। इसके बाद वर्ष 2018 में सोनम वांगचुक को मिलता है रैमन मैग्सेसे पुरस्कार, और यहीं से उसे बनाया जाता है रिजीम चेंज का मोहरा। रैमन मैग्सेसे पुरस्कार के माध्यम से सोनम वांगचुक की छवि निर्माण और मजबूत की जाती है। इसके माध्यम से भारत के युवाओं के बीच वांगचुक को एक महान शिक्षाविद, इनोवेटर और पर्यावरणविद के रूप में पेश किया जाता है। इसमें सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह रैमन मैग्सेसे पुरस्कार भी फोर्ड, रॉकफेलर जैसे संस्थाओं से जुड़ा हुआ है, जिसके सीधे तार डीप स्टेट और सीआइए से हैं। वहीं सोनम वांगचुक जिस एनजीओ “लीड इंडिया” से जुड़े हैं, वो भी फोर्ड फाउंडेशन से वित्तपोषित है। इसके अलावा सोनम वांगचुक का सम्बंध इंटरनेशनल एसोशिएशन फॉर लद्दाख स्टडीज से भी है, जिसे भी फोर्ड फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित किया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.4 °c | 23.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.40 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.39 बजे | |



# खुले पूजा पंडालों के पट, मां के दर्शन से निहाल हुईं अंखियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शारदीय नवरात्र षष्ठि... आओ मां आओ ... आह्वान से अकालबोधन और नवपत्रिका प्रवेश की घोषणा हुई। आद्याशक्ति मां का दिव्य स्वरूप साकार हुआ। इक्का-दूक्का छोड़, सभी पूजा पंडालों के पट खुल गए। बांग्ला मंडपो में भी मां का रूप साकार हुआ। भक्तों को अभय दान देने वाली महिषासुर मर्दिनी के दर्शन पाते ही श्रद्धा और भक्ति से हजारों हाथ उठे और वातावरण जयकारों से गूंज उठा। फिर तो जैसे-जैसे रात गहराती गयी, श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। विविध थीम को जीवंत करता एक से बढ़ कर पूजा पंडाल सभी को आकर्षित करता रहा। हर कदम पूजा स्थलों की ओर बढ़ने को आतुर हो गए। कहीं वेटिकन सिटी तो कहीं विश्व के सबसे बड़े मंदिर कंबोडिया के अंकोरवाट में मां भवानी विराजीं हैं। प्रसिद्ध मंदिर और स्मारको को जीवंत करते पंडाल में शिल्प कलाकृति का बेजोड़ नमूना देखते ही बन रहा है। सजे-संवरे भव्य दरबार में विराजमान मां अंबे की तो क्या ही कहने। माता रानी की मनोहारी छटा से वशीभूत दर्शनार्थी सेल्फी ले, खास पल को सहेजनों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पूजा स्थलों पर रंग-बिरंगी लाइट से जगमग भक्ति का मेला, दुर्गोत्सव की भव्यता को चार-चांद लगा रहा है। मां के दर्शन और मेले की मौज-मस्ती में खराब मौसम के बाद भी सारी रात कैसे कट रही है, पता ही नहीं चल रहा। अब इसी तरह विजयदशमी तक मां के लाडले पूजनोत्सव का जमकर लुत्फ उठाएंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,रोजी-रोजगार के क्षेत्र में उलझनों का निवारण, आर्थिक स्थिति में सुधार।

**वृष** जोखिम भरा काम नहीं करना चाहिए। स्वजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी, सामान्य आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन** परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, शारीरिक स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कर्क** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कन्या** निराशा का समापन, नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**तुला** कुछ संघर्षो के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## मां कालरात्रि



देवी माँ के सप्तम रूप का नाम है माँ कालरात्रि। यह माँ का अति भयावह व उग्र रूप है। सम्पूर्ण सृष्टि में इस रूप से अधिक भयावह और कोई दूसरा नहीं। किन्तु तब भी यह रूप मातृत्व को समर्पित है। देवी माँ का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है। सनातन परंपरा में नवरात्रि की साधना का ?सातवां दिन बेहद खास माना गया है क्योंकि इस दिन देवी के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा होती हैं। मां भगवती का यह स्वरूप घनघोर अंधकार के समान काला है। इसी कारण से देवी के भक्त इन्हें कालरात्रि बुलाते हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा करने से साधक के जीवन की सारी बाधाएं और भय दूर होते हैं। आइए मां कालरात्रि की पूजा करने की विधि, मंत्र, नियम और धार्मिक महत्व को जानते हैं। मां कालरात्रि की पूजा करने के लिए साधक को सूर्योदय से पहले उठकर स्नान-ध्यान करना चाहिए। इसके बाद साफ कपड़े पहनकर देवी के व्रत को विधि-विधान से करने का संकल्प लेना चाहिए। इसके बाद घर के ईशान कोण में चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां कालरात्रि का चित्र या मूर्ति रखना चाहिए। इसके बाद उसे गंगाजल से पवित्र करने के बाद देवी को लाल चंदन या रोली का तिलक लगाना चाहिए। इसके बाद फल-फूल, धूप-दीप, आदि से देवी की पूजा करें। नवरात्रि के सातवें दिन देवी कालरात्रि को गुड़हल का फूल और गुड़ का भोग जरूर अर्पित करना चाहिए। इसके बाद माता के मंत्र, श्लोक या स्तोत्र आदि का पाठ करें फिर पूजा के अंत मां कालरात्रि की पूरे श्रद्धा भाव से आरती करें। नवरात्रि की शक्ति साधना में देवी मंत्र का जप करना बेहद शुभ और मंगलदायी माना गया है। मान्यता है कि मंत्र का जाप करने पर देवी दुर्गा शीघ्र ही प्रसन्न होकर अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं।

### माँ कालरात्रि की पूजा में कौन से मन्त्र का जप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कालरात्र्यै नमः जप से आप माँ दुर्गा के सातवें स्वरूप माँ कालरात्रि की पूजा कर सकते हैं*

# नक्सलियों के गढ़ रहे बरवाडीह में मां दुर्गा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

## भगवान श्रीकृष्ण की लीला का मंचन देखकर ग्रामीण हो रहे हैं मंत्रमुग्ध, चल रहा है भंडारा

विजय प्रताप देव





**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के चिनिया प्रखंड का सुदूरवर्ती बरवाडीह गांव, जो कभी नक्सलियों के मांद के रुप में जाना जाता था। नक्सल गतिविधियों के कारण दिन में पुलिस भी उस क्षेत्र में जाने से कतराती थी। जहां भय एवं आतंक का माहौल पसरा हुआ रहता था, आज वहां दुर्गा पूजा के अवसर पर भक्ति की बयार बह रही है। यहां दुर्गा पूजा कमिटी बरवाडीह द्वारा इस बार भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिस पर लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। गांव का यह आयोजन अब केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और परिवर्तन का प्रतीक तथा भक्ति और आस्था का केंद्र बनकर अपनी नई पहचान बना रहा है।

पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विशेष आकर्षण वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण रासलीला है। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन देखकर ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। रासलीला देखने के लिए आस-पास के गांवों से भी हजारों की संख्या में लोग उमड़ रहे हैं।

इसके साथ ही भंडारा का आयोजन भी प्रतिदिन किया जा रह है। प्रति दिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। औसतन प्रतिदिन दो हजार से अधिक लोगों को भोजन कराया जा रहा है। यह गांव की धार्मिक एकजुटता और सेवा भावना का जीवंत उदाहरण है। इस संबंध में जानकारी देते हुए दुर्गा पूजा कमिटी बरवाडीह के संरक्षक नितेश सिंह ने बताया कि गांव में इस बार का आयोजन ऐतिहासिक है। लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है और हर वर्ग के लोग मिल-जुलकर इसे सफल बनाने में जुटे हैं। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रवीण यादव, सचिव चंद्रदेव यादव, कोषाध्यक्ष किशोर साव, उपाध्यक्ष रमाशंकर गुप्ता और विनोद रवि, सलाहकार कुलदीप चंद्रवंशी, युवा अध्यक्ष लव चंद्रवंशी, सचिव विजय पासवान, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह, नीरज पासवान एवं संतोष सिंह की भूमिका सराहनीय रही है।

# मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बार-बार झारखंड का मान बढ़ाया है : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 126 वें एपिसोड में झारखंड के आशीष सत्यव्रत साहू की चर्चा कर पूरे झारखंड की प्रतिभा, कला, संस्कृति का सम्मान बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता, यहां की कला,संस्कृति मोदी के दिलों में बसती है। इसलिए वे खोज कर इसकी महानता,विशेषता को अपने संबोधन से दुनिया के सामने उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सिर्फ खान खनिज के बल पर नहीं बल्कि अपनी कला, संस्कृति, रीति, रिवाज को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मरांडी ने कहा कि स्वदेशी का संकल्प हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करेगा, आत्मनिर्भरता को बढ़ायेगा और भारत को विश्व गुरु बनायेगा। उन्होंने राज्य की जनता से कहा कि उत्सव, त्योहार को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ें। स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देकर वोकल फॉर लोकल की आवाज बुलंद करें। उन्होंने 2 अक्टूबर को गांधी,शास्त्री जयंती के अवसर पर विजयादशमी त्योहार में खादी वस्त्रों को शामिल करने का आह्वान किया।

# महाषष्ठी पर भक्तों ने की मां के छठे स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा

# बांग्ला मंडपों में अनुष्ठान से खुला पट, साकार हुआ मां का स्वरूप

**पूजन-आरती और पुष्पांजलि अर्पित करने को आतुर रहे भक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शारदीय नवरात्र के छठे दिन रविवार को छठे स्वरूप माता कात्यानी की पूजा-अर्चना हुई। भक्तों ने नेम-निष्ठा से पूजा-पाठ कर मां के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये। दुर्गा बाड़ी, अल्बर्ट एक्का चौक, हरिमती मंदिर, लालपुर और हिनू आदि के बांग्ला मंडपो में बेलवरण अनुष्ठान के साथ दुर्गोत्सव का आगाज हो गया। अब यहां विजयदशमी तक कोकाता के दुर्गा पूजा कर रंग चटक होता रहेगा। मां के पूजन-आरती और पुष्पांजलि के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। बंग समुदाय के लिए दुर्गोत्सव सबसे खास उत्सव होता है। इसमें बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाते हैं। पावन मौके पर दुर्गाबाड़ी में जहां बड़ी संख्या में बंग समुदाय के साथ आम भक्तों ने माता के दरबार में हाजिरी लगायी, वहीं सीएम हेमंत सोने ने हरिमती मंदिर में मत्था टेक मां से आशीष मांगा। राज्य और यहां के लोगों के लिए सुख-समृद्धि और खुसहाली की कामनाएं की।

**दुर्गा बाड़ी में मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, पूजन-आरती कर अर्पित की श्रद्धा :** दुर्गा बाड़ी, मेन रोड में सुबह सात बजे से पहले देवी का कल्पारंभ हुआ। नेम-निष्ठा से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितो ने महाषष्ठी आदि पूजन-अनुष्ठान कराया। इसके बाद सांझ ढलते आमंत्रण और अधिवास के साथ माता रानी का पारंपरिक मनोहारी श्रृंगार किया गया। सेतांक सेन, संदीप चौधुरी, श्यामल रॉय, प्रदीप रॉय,जयंत कर, तरूण सुत्रधर, समीर सुत्रधर मां श्रृंगार करने वालों में मुख्य थे। शाम साढ़े सात बजे से मां भवानी की आरती उतारी गयी। बड़ी संख्या में भक्तों ने आरती उतारी। मां के मनोहारी रूप का दर्शन पा सब मंत्रमुग्ध हुए। दुर्गा बाड़ी के सह सचिव सेतांक सेन ने बताया कि सोमवार 29 सितंबर सुबह 6.30 मिनट के अंदर नवपत्रिका प्रवेश होगा। 7.10 मिनट से महासप्तमी की पूजा आरंभ होगी। दीपेंद्र नारायण घोष, देवनाथ गांगुली, अमित रॉय, संजय रॉय, मृणाल घोष, नारायण प्रमाणिक, सिमंत प्रमाणिक ने पूजन-अनुष्ठान के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया। प्रदीप रॉय बाबू भाई ने बंग समुदाय और आम भक्तों से दुर्गा बाड़ी के दुर्गोत्सव में भाग लेने की अपील की है। इधर हिनू बंगाली मंडल में भी विविध अनुष्ठान हुए। साथ ही दुर्गोत्सव का आगाज हो गया।

# दिल्ली में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया में झारखंड पवेलियन का अरवा राजकमल ने किया अवलोकन

**वर्ल्ड फूड इंडिया में झारखंड पवेलियन में मछली के अचार और पापड़ लोगों को कर रहे हैं आकर्षित**

**झारखंड के वन विभिन्न प्रकार के पेड़- पौधे एवं अपने अनेक वनोत्पाद के लिए हैं प्रसिद्ध**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंदपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में रविवार को श्री अरवा राजकमल,उद्योग सचिव ने झारखंड पवेलियन का अवलोकन किया। इन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश अपने असीम खनिज उत्पादों, आदिवासी संस्कृति के साथ बड़े भाग में फैले वनों के लिए जाना जाता है। झारखंड में प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 78 हजार किलोमीटर क्षेत्र वन क्षेत्र है। यहां के वन विभिन्न प्रकार के पेड़- पौधे एवं अपने अनेक वनोत्पाद के लिए प्रसिद्ध है।

**झारखंड में 136 माइनर फूड प्रोड्यूस करने वाले वनों की श्रृंखला है :** एक्सपो में आने वाली लोगों ने झारखंड पवेलियन में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर इसकी विस्तृत जानकारी ली। विभाग के डी एफ ओ श्री श्रीकांत वर्मा ने बताया कि झारखंड में 136 माइनर फूड प्रोड्यूस करने वाले वनों की श्रृंखला है। जिसमें शाल, महुआ, इमली,कुसुम, जामुन,पलाश,कटहल आदि के पेड़ बहुतायत में पाए जाते है। उन्होंने बताया कि वन विभाग ऐसे स्थानों पर वन समितियों का सृजन कर के उनको लोगो को आवश्यक प्रशिक्षण, मशीन, मार्केट लिंक दे कर लाह, सिल्क, शहद, चिरौंजी, काजू आदि वस्तुओं का उत्पादन भी करती है। साथ ही झारखंड का सिल्क,शहद,चिरौंजी आदि ना सिर्फ देश में अपितु विदेशों तक निर्यात होता है।

## सरकार ऑर्गेनिक सब्जियों के उत्पादन को दे रही है बढ़ावा

पवेलियन में ही कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के स्टाल की जानकारी देते हुए मुकेश द्विवेदी ने बताया कि झारखंड प्रदेश अपने यहां सभी अनाजों की अपेक्षा चावल का उत्पादन ज्यादा करता है। वहीं वर्तमान में सरकार ऑर्गेनिक सब्जियों के उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है। जिसके तहत सरकार ट्रेनिंग, सर्टिफिकेशन, एक्सपोजर आदि पर काम कर रही है।

## झारखंड प्रतिवर्ष 3.60 मीट्रिक टन मछली का कर रहा है उत्पादन

पवेलियन के प्रमुख आकर्षण में मछली का अचार और पापड़ है। जो लोगों को बहुत पसंद और अनोखा लग रहा है। फिशरीज विभाग के प्रशांत कुमार दीपक के अनुसार अभी झारखंड प्रतिवर्ष 3.60 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन कर रहा है। जिसके उपादान में सरकार डैम या खत्म हो चुके खदानों में केज बना कर लोगों को ट्रेनिंग मुहैया करवाकर फार्मिंग करवा रही है। झारखंड में रोहू, कटला, तिलपिया, पंजेसिप्स आदि मछली पाई जाती है। जिनकी बिक्री स्थानीय बाजारों के साथ साथ आस पास के प्रदेशों में होता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in




# नेक्सजेन संचालक विनय सिंह के ठिकानों पर छापा

**एसीबी की कार्रवाई में सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर का खुलासा**

**हजारीबाग वन भूमि घोटाला**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने हजारीबाग वन भूमि घोटाले के सिलसिले में रविवार को बड़ी कार्रवाई की। एसीबी ने गिरफ्तार आरोपी और नेक्सजेन के संचालक विनय सिंह के घर और ऑफिस समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की। विनय सिंह को 25 सितंबर की शाम को वन भूमि के अवैध हस्तांतरण के आरोप में एसीबी ने गिरफ्तार किया था।

**दस्तावेजों में हेरफेर :** एसीबी की जांच में यह खुलासा हुआ है कि विनय सिंह और उनके साथियों ने सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ की थी, ताकि इन वन भूमि को निजी स्वामित्व वाली संपत्ति के रूप में बदला जा सके।

**कई सामान जब्त:** विनय सिंह के ठिकानों से 198 फाइल, 27 सीपीयू, एक लैपटॉप, जमीन खरीद से संबंधित चार डीड और दो मोबाइल फोन जब्त किये गये हैं। एसीबी की टीम इन फाइलों और कंप्यूटर सीपीयू की जांच में जुट गयी है। इससे कुछ और खुलासे हो सकते हैं।

# बोकारो स्टील प्लांट में हादसा, 3 मजदूर झुलसे

**आजाद सिपाही टीम**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में रविवार को हुए हादसे में तीन मजदूर झुलस गये। उनको तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां एक की हालत नाजुक बतायी गयी है। यह हादसा स्टील मेल्टिंग शॉप-2 (एसएमएस-2) में तीसरे पहर तीन बजे हुआ। घायल मजदूरों की पहचान रंजीत महथा, ब्रजेश महथा, ओमप्रकाश महली और प्रवीण कुमार के रूप में हुई है। डॉक्टरों के अनुसार ब्रजेश महथा और ओमप्रकाश महली 60 फीसदी तथा प्रवीण कुमार के 45 फीसदी तक झुलसने की बात कही जा रही है। सभी की हालत स्थिर है। बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने हादसे का विवरण देते हुए कहा कि प्रबंधन ठेका कर्मियों के सर्वोत्तम इलाज के लिए प्रयासरत और पूर्णतः कटिबद्ध है।

# रांची में दुर्गा पूजा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का सख्त पहरा

**महिला सुरक्षा के लिए विशेष प्लान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा के लिए पुलिस की ओर से शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी दुर्गा पंडालों और उसके आसपास के क्षेत्रों में काफी संख्या में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है। राजधानी रांची में ही 5000 से ज्यादा बल तैनात किए गए हैं, जिसमें बड़ी संख्या महिला पुलिसकर्मियों की भी है।

**मजिस्ट्रेट की तैनाती :** सुरक्षा की दृष्टि से राजधानी रांची में लगभग 250 मजिस्ट्रेट, 10 डीएसपी और 5 हजार के करीब जवानों की तैनाती की गई है। एसएसपी राकेश रंजन ने दुर्गोत्सव के दौरान शहर के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने का निर्देश दिया है। कानून-व्यवस्था में समस्या पैदा करने वाले और आपराधिक किस्म के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का भी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है।

**भीड़ को लेकर अलर्ट, महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान :** विशेष शाखा के पदाधिकारियों को डीप सर्च मेटल डिटेक्टर से पंडाल के मुख्य स्थलों की जांच सुबह शाम करने का निर्देश एसएसपी ने दिया है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर स्निफर डॉग स्क्वायड से भी सहायता लेने को कहा गया है। सभी थाना प्रभारियों को वैसे स्थानों की सूची पहले से ही बनाने का निर्देश दिया गया है, जहां पहले किसी प्रकार की घटना हो चुकी है। ऐसी जगहों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस काफी चौकन्ना है और शहर में आने-जाने वाले हर लोगों पर विशेष नजर रख रही है।

**छेड़खानी और छिनतई रोकने के लिए विशेष सतर्कता :** दरअसल, पूजा पंडाल घूमने पहुंची महिलाएं और युवतियों के साथ असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा छेड़खानी और छिनतई की घटनाओं का अंजाम दिया जाता है। पुलिस इस बार ऐसे लोगों से कड़ाई के साथ निपटने का मन बना चुकी है। मनचलों और झपट्टामारों को पकड़ने के लिए विभिन्न पूजा पंडाल और इसके आसपास के क्षेत्रों में सादे लिबास में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काफी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है।

**सीसीटीवी से निगरानी :** आईजी मनोज कौशिक ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर कई स्थानों पर ड्रोन की तनाती की गई है। वहीं कचहरी स्थित कंट्रोल रूम से शहर में लगे 500 से ज्यादा कमरों के जरिए हर तरफ निगरानी रखी जा रही है। पूजा पंडाल में लगे सीसीटीवी कैमरा की फीड भी कंट्रोल रूम में ली जा रही है ताकि हर तरफ नजर रखी जा सके।

रांची पुलिस के पास फिलहाल पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे के जरिए नजर रखने के लिए दो कंट्रोल रूम है। एक धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी में जबकि दूसरा रांची के कचहरी चौक स्थित पुलिस कंट्रोल रूम, दोनों ही कंट्रोल रूम में 25-25 की संख्या में पुलिसकर्मियों को सिर्फ सीसीटीवी कैमरे मॉनिटर करने की ड्यूटी दी गई है। उनका काम सिर्फ यही रहेगा कि वे सीसीटीवी फुटेज देखकर अगर कोई भी अप्रिय स्थिति दिखती है तो वे तुरंत डायल हंड्रेड और संबंधित पुलिस अधिकारियों को सूचित करेंगे।



**पुलिस बैरिकेडिंग कर रोकेगी वाहन**

पूजा पंडाल घूमने के लिए आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों को ड्रॉप गेट और बैरिकेडिंग कर रोका जाएगा। हर ड्रॉप गेट और बैरिकेडिंग किए गए स्थान पर पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है। किसी भी हाल में ड्रॉप गेट और बैरिकेडिंग से आगे जाने के लिए वाहनों को इजाजत नहीं दिया जायेगा।

> दुर्गा पूजा को लेकर कई लेयर का सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए अलग लाइन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि कोई भी फोर्स एक जगह पर स्थिर न रहे, वह पंडाल से लेकर आसपास के इलाकों में भ्रमणशील रहे जबकि दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए 1200 से ज्यादा जवानों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।
>
> \- मनोज कौशिक, आईजी, रांची रेंज

# एडीएम लॉ एंड आर्डर ने युवा दस्ता के मुख्य मंच का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण दुर्गोत्सव के आयोजन के लिए स्थापित युवा दस्ता ने अपना मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित युवा दस्ता के मुख्य मंच का उदघाटन एडीएम लॉ एंड आर्डर राजेश्वर नाथ आलोक ने किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उदघाटन समारोह में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू और पूर्व उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी, वरिष्ठ युवा समाजसेवी राजेश सिन्हा सनी, युवा दस्ता के संरक्षक महेश चंद्र, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, श्री राम वानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू ने की। मंच संचालन पीयूष आनंद और धन्यवाद ज्ञापन टिंकू महतो ने किया। मंच उदघाटन समारोह में आये सभी अतिथियों का भव्य स्वागत चुनड़ी ओढाकर युवा दस्ता के ज्योति शंकर साहू, करण नायक, नवनीत पांडेय, राकेश सिंह ने किया। एडीएम लॉ एंड आर्डर राजेश्वर नाथ आलोक ने सभी सदस्यों को प्रशासन के हस्ताक्षर युक्त परिचय पत्र देकर सभी पंडाल में तैनात रहने के लिए रवाना किया। उन्होंने सभी कार्यकताओं से दुर्गा पूजा को सफल बनाने और किसी प्रकार की परेशानी होने पर सहयोग करने का आश्वासन दिया। राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि किसी भी दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो तुरंत दस्ता के सदस्य से संपर्क करें ताकि उनकी समस्याओं का समाधान निकाल सके। मिश्रा ने आग्रह किया है कि मां भवानी के दर्शन करने आये सभी दर्शनार्थियों के साथ मे आये सभी बच्चों एवं बुगुर्गो के पॉकेट में नाम पता और फोन नंबर डाल दे ताकि भीड़ में बिछड़ने पर दस्ता के सदस्य उनको घर तक पहुंचा सके। इस मौके पर राज किशोर प्रसाद, प्रकाश चंद्र सिन्हा, राकेश सिंह, अभिनव पासवान, नवनीत पांडेय, अमित केसरी, टिंकू महतो, राजेश राम, सागर कुमार, सोनू पटवा, डॉ एके लाल, अरविंद जायसवाल, रितेश साहू सहित सभी क्षेत्रीय प्रभारी और सदस्य उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआइ ने बीएसएनएल के साथ किया एमओयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट (सीएमपीडीआई) ने खनन परियोजनाओं में 5जी कैप्टिव गैर-सार्वजनिक नेटवर्क की स्थापना में सहयोग के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस पहल का उद्देश्य खनन कार्यों और सम्बद्ध (एलाइड) सुविधाओं का डिजिटलीकरण, निजी 5जी तकनीकों का उपयोग कर सुरक्षा में सुधार, परिचालन दक्षता और डेटा-आधारित निर्णय पूरे खदान स्थलों में अपनाया जाए। यह सहयोग बीएसएनएल के मजबूत नेटवर्क बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर खनन क्षेत्र में 5जी कैप्टिव गैर-सार्वजनिक नेटवर्क के अखिल भारतीय प्रसार को सुगम बनाएगा। यह साझेदारी भारतीय खनन के डिजिटल परिवर्तन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सभी खदानों में नवाचार, स्थिरता और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सीएमपीडीआई के दृष्टिकोण को दशार्ता है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार और सीएमपीडीआइ और बीएसएनएल के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आमंत्रण अपार्टमेंट में जागरण और डांडिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हरिहर सिंह रोड स्थित आमंत्रण सोसाइटी में नवरात्रि के पावन अवसर पर जागरण और डांडिया का शानदार आयोजन किया गया। देवघर से आयी टीम ने गणपति वंदना से जो भजन कीर्तन की शुरूआत की तो फिर भक्ति-गीतों की रसधार बह चली। साथ-साथ भक्ति भाव गीतों पर डांडिया नृत्य का महिलाओं और विशेषकर बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम बीती रात लगभग 1 बजे तक चला, जिसे भोजनोपरांत समाप्त किया गया।

# हार्ट अटैक : इलाज में देरी जानलेवा हो सकती है



डॉ वरुण कुमार

'हार्ट अटैक या दिल का दौरा' सभी तरह के हृदय रोगों में सबसे घातक माना जाता है। भारत में हर चौथे व्यक्ति की मृत्यु हृदय से संबंधित बिमारियों से होती है जिससे हार्ट अटैक या दिल का दौरा ही सबसे प्रमुख है। भारत में यह बिमारी कम उम्र के लोगों में ज्यादा दिखती है जिससे इसका सामाजिक तथा आर्थिक असर भी काफी पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के सीमित संसाधनों एवं आधुनिकीकरण के अभाव के कारण स्थिति और भी भयावह होती जा रही है। डायबिटिज, हाइपरटेंशन एवं कोलेस्ट्रोल की अधिकता के रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण हृदय रोग एवं हार्ट अटैक के रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लोगों में जागरूकता की कमी एवं अस्वास्थ्यकर जीवनशैली हार्ट अटैक की समस्या को और भी गंभीर बना रही है। अतः हर व्यक्ति को इन रोगों के बारे में जानकारी जरूरी है।

**प्र. हार्ट अटैक क्या है और क्यों होता है?**

**उ.** हृदय शरीर का सबसे प्रमुख अंग है जो पूरे शरीर में रक्त के प्रवाह को सुचारू बनाये रखता है। हृदय की मांसपेशियों में मुख्यतया तीन नसों द्वारा रक्त पहुंचता है जो इन मांसपेशियों को ऑक्सीजन एवं पोषक तत्व पहुंचाते हैं। जिन व्यक्तियों में हृदय की बिमारी के रिस्क फैक्टर्स होते हैं, उनमें इन नसों के भीतर कोलेस्ट्रोल जम जाता है जिसे 'प्लाक' कहते हैं और यह रक्त के प्रवाह में अवरोध पैदा करने लगता है। हार्ट अटैक होने पर ये 'प्लाक' अचानक से फट जाते हैं जिससे वहां 'ब्लड क्लॉट' बनकर हार्ट के नस में रक्त के प्रवाह को बन्द कर देता है। इससे हृदय की मांसपेशियां डैमेज होने लगती है और व्यक्ति को सीने में तेज दर्द महसूस होता है।

**प्र. हार्ट अटैक के क्या लक्षण है?**

**उ.** हार्ट अटैक के प्रमुख लक्षण निम्न है-(1) सीने के मध्य भाग या बांये भाग में तेज दर्द, भारीपन या दवाव महसूस होना। यह दर्द बांये या दोनों हाथो एवं गर्दन की तरफ जाता हुआ महसूस हो सकता है। (2) कुछ रोगियों में बदहजमी, उल्टी या गले में चोकिंग के जैसा लक्षण हो सकता है। (3) ठंडे पसीने आना, चक्कर या बेहोशी आना। (4) अचानक से सांस फूलना, घबराहट तथा कमजोरी लगना। ये लक्षण अलग-अलग रोगियों में अलग तरह के हो सकते हैं। कुछ रोगियों खासकर डायबिटीज, वृद्ध तथा महिलाओं में सीने में दर्द नहीं भी हो सकता है जिसे 'साइलेन्ट हार्ट अटैक' कहते हैं।

**प्र. हार्ट अटैक के क्या रिस्क फैक्टर्स है?**

**उ.** (1) पुरूषों की उम्र 45 तथा महिलाओं की उम्र 55 से ज्यादा (2) तंबाकु तथा धुम्रपान का सेवन (3) उच्च रक्तचाप (4) डायबिटीज (5) हाई कोलेस्ट्रोल (6) मोटापा (7) मानसिक तनाव (8) शारीरिक शिथिलता।

प्र. हार्ट अटैक के क्या दूषपरिणाम हो सकते हैं?

उ. हार्ट अटैक के निम्न गंभीर परिणाम हो सकते हैं- (1) कार्डियक ओस्ट एवं मृत्यु (2) हार्ट फेल्योर (3) धड़कन का अनियमित होना।

**प्र. हार्ट अटैक पड़ने पर क्या करना चाहिए?**

**उ.** हार्ट अटैक के रोगियों के लिए हर पल कीमती होता है। पर अक्सर लोग हार्ट अटैक के लक्षण को पहचान नहीं पाते हैं तथा खुद ही गैस की दवा आदि खाकर उपचार करने की कोशिश करते हैं। यदि आपको हार्ट अटैक का कोई भी लक्षण महसूस होता है तो फौरन किसी कार्डियोलॉजिस्ट से या नजदीकी हॉस्पिटल में जाकर अपनी जांच कराएं। यदि आपके पास डिस्प्रीन की गोली है तो 325मिलीग्राम चबाकर खाएं पर पानी से न घुटे। साब्रिट्रेट को गोली जीभ के नीचे रखकर चूस सकते हैं पर उससे पहले ब्लड प्रेशर चेक कर लेना चाहिए। सीने में किसी प्रकार का दर्द, खासकर 40 साल के बाद उम्र वालों को होने पर कम से कम एक ईसीजी अवश्य करा कर कार्डियोलॉजिस्ट से दिखा लेना चाहिए।

**प्र. हार्ट अटैक का उचित इलाज क्या है ?**

**उ.** हार्ट अटैक के रोगियों का आगे ईसीजी, जितनी देरी होती है, जीवन पर खतरा एवं नुकसान उतना ही इको एवं ट्रोपोनिन टेस्ट के द्वारा जांच कर रोग की पहचान की जाती है। हार्ट अटैक का 'गोल्ड स्टैन्डर्ड' इलाज कोरोनरी एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी है, जिसे 4-6 घंटे के अंदर कर देना सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पर इसे हार्ट अटैक पड़ने के 24-48 घंटे तक किया जा सकता है, किन्तु इसमें बढ़ता जाता है। यदि एंजियोप्लास्टी की सुविधा न हो तो क्लाट ब्रेक करने की दवा द्वारा 'थ्रोम्बोलायसिंस' किया जाता है तत्पश्चात 24 घंटे के अंदर एंजियोप्लास्टी कर दिया जाता है।

हार्ट केयर क्लिनिक, करमटोली, राँची में ईसीजी, टीएमटी, इको, होल्टर मॉनिटरिंग इत्यादि की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

डॉ. वरूण कुमार, एमडी, डीएम, एफईएससी को हार्ट अटैक के रोगियों के इलाज का लंबा अनुभव है तथा इन्होंने सैंकड़ों हार्ट अटैक के रोगियों का इलाज कर उनकी जान बचाई है। डॉ. वरूण अब तक 5000 से ज्यादा एंजियोग्राफी तथा 800 से ज्यादा एंजियोप्लास्टी कर चुके हैं। वह एजियोप्लास्टी के 'रेडियल विधि' के विशेषज्ञ हैं एवं वे अपने अधिकांश एंजियोप्लास्टी तथा शत-प्रतिशत एएंजियोग्राफी रेडियल विधि से ही करते हैं। उन्हें झारखंड में रेडियल एंजियोप्लास्टी का पुरोधा माना जाता है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### दक्षिण पूर्व रेलवे में 79वीं दुर्गा पूजा का शुभारंभ



कोलकाता (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा एवं दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षाप्रीति मिश्रा ने शनिवार को गार्डनरीच स्थित रेलवे कॉलोनी में दक्षिण पूर्व रेलवे सार्वजानिन दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित 79वीं दुर्गा पूजा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, विभिन्न विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में पूजा समिति द्वारा भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सामुदायिक सहभागिता और सांस्कृतिक सौहार्द का विशेष संदेश दिया गया।

### बिहार को 7 नयी ट्रेनों की सौगात, 3 अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। बिहार को आधुनिक रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि मिलने जा रही है। राज्य के माननीय उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 29 सितम्बर को पटना जंक्शन से 07 नई ट्रेनों का शुभारंभ करेंगे, जिनमें 03 अत्याधुनिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें भी शामिल हैं। इन ट्रेनों के परिचालन से राज्य के लोगों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। उप मुख्यमंत्री जिन पैसेंजर ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे उनमें पटना-बक्सर, झाझा-दानापुर, पटना-इसलामपुर तथा नवादा पटना पैसेंजर शामिल हैं। खासतौर पर नवादा से पटना के बीच शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ मार्ग से शुरू होने वाली पैसेंजर ट्रेन इस क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना सपना पूरा करेगी। नई लाइन जट डुमरी फाजिलचक-तोपसरथुआ-दनियावां के रास्ते परिचालन शुरू होने से इन इलाकों को भी रेल सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही बिहार को तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात मिलेगी। इनमें मुजफ्फरपुर-चर्लपल्ली (दक्षिण भारत की पहली कड़ी), दरभंगा-मदार (अजमेर) तथा छपरा-आनंद विहार (दिल्ली के लिए छठी कड़ी) शामिल हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस स्वदेशी तकनीक से निर्मित है और इसमें सेमी-ऑटोमैटिक कपलर, फायर डिटेक्शन सिस्टम, सील्ड गैंगवे और टॉकबैंक यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी गयी हैं। अब तक बिहार को 10 अमृत भारत ट्रेनों की सुविधा प्राप्त थी, जबकि इन तीन नई ट्रेनों के शुरू होने से यह संख्या 13 हो जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन सेवाओं से न केवल यात्री आवागमन सुगम होगा बल्कि व्यापार, पर्यटन और रोजगार को भी बल मिलेगा। यह पहल विकसित बिहार से विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

### त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा को लेकर रांची मंडल की विशेष पहल

रांची (आजाद सिपाही)। शारदीय दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे बड़े त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रांची रेल मंडल ने इस वर्ष विशेष प्रयास किए हैं। पिछले वर्ष जहाँ मात्र 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन लगभग दो माह तक हुआ था, वहीं इस बार संख्या बढ़ाकर 15 जोड़ी कर दी गई है और अधिकांश ट्रेनों का परिचालन अवधि तीन माह अथवा त्योहारों की समाप्ति तक बढ़ा दी गई है। इन ट्रेनों का संचालन अलग-अलग मार्गों से विभिन्न प्रमुख गंतव्यों के लिए किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अधिक विकल्प मिल रहे हैं और एक ही रूट पर दबाव कम हुआ है। अतिरिक्त सीट उपलब्धता, सहज आरक्षण, भीड़भाड़ से राहत और समय की बचत से यात्रियों को सीधा लाभ मिल रहा है। रांची रेल मंडल का उद्देश्य है कि यात्री त्योहारों के दौरान सुरक्षित, आरामदायक यात्रा करते हुए समय पर अपने प्रियजनों तक पहुंच सकें।

### कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना, रोजगार पर उठाये सवाल



रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मन की बात के 126वें एपिसोड में झारखंड के युवा आशीष साहू की सराहना की गई, लेकिन यह नहीं बताया गया कि उनके प्रयासों में केंद्र सरकार का कितना योगदान रहा। उन्होंने दावा किया कि साहू की पहल को राज्य सरकार के सहयोग से आगे बढ़ाया गया है। शाहदेव ने कहा कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी सरकार की उपलब्धियों की तारीफ कर रहे हैं, जबकि भाजपा शासनकाल में कई उ?द्योग-धंधे बंद हो गए थे। वर्तमान राज्य सरकार युवाओं की तकदीर और तस्वीर बदलने की कोशिश कर रही है। रोजगार संकट पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक नौकरियों में कमी दर्ज हुई है। केंद्र सरकार ने 2021-24 के बीच 8 करोड़ रोजगार सृजन का दावा किया, लेकिन इस अवधि में करोड़ों लोगों की नौकरियां चली गयी।

### बिहार को तीन नयी अमृत भारत ट्रेनों की सौगात, चार पैसेंजर गाड़ियां भी होंगी शुरू

पटना/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। बिहारवासियों के लिए रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक और बड़ा तोहफा तैयार है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 29 सितंबर को पटना जंक्शन से सात नई ट्रेनों का शुभारंभ करेंगे, जिनमें तीन अत्याधुनिक अमृत भारत एक्सप्रेस और चार पैसेंजर गाड़ियाँ शामिल हैं। रेल मंत्री इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। वर्तमान में देशभर में 12 अमृत भारत एक्सप्रेस संचालित हो रही हैं, जिनमें से 10 बिहार से जुड़ी हैं। तीन नयी सेवाओं -मुजफ्फरपुर-चर्लपल्ली, दरभंगा-मदार (अजमेर) और छपरा-आनंद विहार के शुभारंभ के बाद इनकी संख्या 15 हो जाएगी, जिनमें से 13 का संचालन बिहार से होगा। इनमें मुजफ्फरपुर-चर्लपल्ली पहली अमृत भारत होगी जो दक्षिण भारत तक जाएगी, जबकि छपरा-आनंद विहार दिल्ली के लिए छठी कड़ी बनेगी। इसी मौके पर पटना-बक्सर, झाझा-दानापुर, पटना-इसलामपुर और नवादा पटना पैसेंजर ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई जायेगी। इनमें नवादा-पटना ट्रेन शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ मार्ग से चलेगी, जिससे इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन शुरू होने का वर्षों पुराना सपना पूरा होगा। अमृत भारत एक्सप्रेस अपनी आधुनिक तकनीक और सुविधाओं जैसे सेमी-ऑटोमेटिक कपलर, फायर डिटेक्शन सिस्टम, सील्ड गैंगवे और टॉकबैंक यूनिट के कारण लोकप्रिय हो चुकी है। नॉन-एसी कोच में भी उन्नत सुरक्षा प्रणाली पहली बार शामिल की गयी है। इन नयी सेवाओं से बिहार की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नये अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा।




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## दुर्गोत्सव : मुख्यमंत्री ने किया हरिमती मंदिर और बांधगाड़ी दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण

# हेमंत सोरेन ने राज्य की उन्नति और राज्यवासियों की खुशहाली की आशीष मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन नवरात्र महाषष्ठी के मौके पर हरिमती मंदिर, लालपुर और बांधगाड़ी दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण किया। माता के दरबार में मत्था टेक राज्य की उन्नति के साथ राज्यवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कहा कि इस बार दुर्गा पूजा के दौरान हो रही लगातार बारिश के बाद भी श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। इस बार भी यहां के भव्य और आकर्षक पंडाल दुर्गोत्सव की शोभा बढ़ा रहे हैं। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा हर साल और आगे बढ़े, माता रानी से यही कामना करते हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को दुर्गा पूजोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं भी दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का पूजा पंडाल में पूजा समितियों की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया गया। हरिमति में झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और बांधगाड़ी में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश गोप और अन्य ने स्वागत किया।







शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरिमती मंदिर दुर्गा पूजा समिति, लालपुर, रांची के पूजा पंडाल में मां दुर्गा के किए दर्शन, शीश नवाकर लिया आशीर्वाद और माता रानी से राज्यवासियों के मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। इस मौके पर अपने स्वर्गीय पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तसवीर पर पुष्प अर्जित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मंदिर की स्मारिका का विमोचन भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति, दीपाटोली, रांची के भव्य पूजा पंडाल का विधिवत अनावरण किया। मां दुर्गा का दर्शन और पूजा-अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

# मंत्री शिल्पी और दीपिका ने छप्पन सेट के पूजा पंडाल का किया अनावरण

### 501 महिलाओं ने उतारी मां भवानी की आरती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुर्गोत्सव से छप्पन सेट का इलाका भी गुलजार है। यहां सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति इस बार भी धूमधाम से पूजनोत्सव मना रही है। नवरात्र महाषष्ठी रविवार को पंडित उदय चंद्र मिश्रा के सान्निध्य में नेम-निष्ठा से दिनभर पूजन-अनुष्ठान चला।

शाम सात बजे कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने पट का अनावरण किया। मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे के अतिथियों का चुनरी ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। भक्तों के समक्ष मां का मनोहारी स्वरूप साकार हुआ। माता रानी का दर्शन पाते ही भक्त मंत्रमुग्ध हो गये। जयकारे से वातावरण गूंज उठा। साथ ही पारंपरिक वेष-भूषा में 501 महिलाएं मां भवानी की आरती उतारी। हाथों में आरती की थाल और उसपर जगमगाते दीप। स्तुति की मधुर स्वरलहरियों के क्या कहने। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो धरा पर साक्षात मां उतर आयीं हो, और सभी उनके स्वागत को स्तुति गान कर रहे हों। देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। क्या बच्चे, महिला और पुरुष सभी दुर्गोत्सव में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभा रहे।

पूजा समिति के गोपी दुबे और मेंहुल दुबे ने बताया कि अब पूजन-आरती के साथ विजयदशमी तक नित्य सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम होंगे।

**ये थे मौजूद :** उद्घाटन समारोह के मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशिभूषण राय, राजेश सिन्हा सन्नी, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार दुबे, सचिव रितेश सिंह, कपिल देव सिंह, मनोज सिंह, शोभा सिंह, गुड़िया सिंह, दिलीप कुमार, अश्विनी कुमार, विजय गुप्ता, दीपक ठाकुर, शशिकांत, अनिकेत कुमार, नीरज कुमार, अमोल कुमार, दिलीप पांडेय, विवेक सिंह, दिलीप कुमार, सन्नी कुमार, गोपाल क्षेत्री, अभिषेक कुमार, जीवन राणा, रांची महानगर काली पूजा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, बबलू वर्मा मौजूद थे।



### छप्पन सेट की पूजा समरसता का जीवंत उदाहरण है : मंत्री शिल्पी

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने छप्पन सेट दुर्गा पूजा महोत्सव हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। यहां हर वर्ग और हर पीढ़ी के लोग एक साथ जुड़कर मां दुर्गा की साधना करते हैं। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। मैं समिति को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

### छप्पन सेट की पूजा सामाजिक चेतना का है प्रतीक : मंत्री दीपिका

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने छप्पन सेट, डोरंडा का दुर्गा पूजा सिर्फ धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रतीक है। यहां की महाआरती, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। मैं समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे और पूरी टीम को बधाई देती हूं। सीमित संसाधनों में भी उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए इतना भव्य और दिव्य आयोजन किया है।

## बेलवरण के साथ शुरू हुई मां दुर्गा की पूजा

रांची (आजाद सिपाही)। बिरला हनुमान मंदिर, जोडा तालाब रोड बरियातू रानी बागान में रविवार को महाषष्ठी बेलवरण अनुष्ठान के साथ मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गयी। मंदिर के पुजारी ने विधि-विधान के साथ जुमार नदी में समिति के सदस्यों के साथ पूजा- अर्चना किया। इसके साथ ही मां दुर्गा का पट खोल दिया गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर भाव विभोर हुए। मुख्य संरक्षक दयानंद सिंह की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर बिजेंद्र सिंह, डीएन सिंह, विक्रमादित्य सिंह, उदयभान सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, आशुतोष, अंजय मिश्रा, दीपक सिंह उर्फ सोनू, सच्चिदानंद पांडेय, सूरज किशोरी पांडेय उपस्थित थे।



## झारखंड उलगुलान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड उलगुलान मोर्चा ने रविवार को राम हरि गार्डन चुटिया स्थित रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती पर चर्चा की गयी और राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। केंद्रीय अध्यक्ष रवि पीटर ने कहा कि झारखंड उलगुलान मोर्चा जनता के हक-अधिकार और सम्मान की लड़ाई पूरी मजबूती से जारी रखेगा और यदि सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जायेगा। इस बैठक में रांची जिला समिति का गठन भी किया गया, इसमें उपाध्यक्षः धनंजय वर्मा, जय सिंह राठौर को बनाया गया। महासचिवः पारस नाथ साहू,सचिवः भरत यादव, फुलेंद्र उरांव को बनाया गया।



# देश विरोधी वांगचुक का समर्थन कर रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : बाबूलाल

### इंडी गठबंधन की इसी मानसिकता के कारण झारखंड राष्ट्र विरोधियों का बन रहा स्लीपर सेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लद्दाख में गिरफ्तार देश द्रोही वांगचुक के पक्ष में दिये गये बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। बाबूलाल ने कहा कि इंडी गठबंधन की राज्य सरकारों ने देशद्रोहियों को पनाह देने, समर्थन और संरक्षण देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। झारखंड भी आज देश द्रोहियों का स्लीपर सेल बन चुका है। आए दिन जांच एजेंसियां राज्य से देशद्रोही आतंकियों को गिरफ्तार कर रही। बाबूलाल ने कहा कि कथित सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण संरक्षण की आड़ में देश को खंडित करने की साजिश रच रहे सोनम वंगचुक ने भड़काऊ भाषण के जरिए युवाओं को उकसाया, जिसके परिणामस्वरूप आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान तो हुआ ही, जानहानि भी हुई। कहा कि



इसकी मानसिकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वांगचुक ने वीडियो जारी कर कहा था कि यदि चीन के सैनिक लेह लद्दाख की ओर से देश में घुसने की कोशिश करेगा, तो वे चीन को रास्ता दिखाने का काम करेंगे। कहा कि 2007 में जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी, तब प्रशासन ने वांगचुक पर विदेशी धन का दुरुपयोग कर देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने और चीन की मदद करने का आरोप लगाया था। कहा कि हेमंत सोरेन जी, को वांगचुक के वीडियो/बयानों को देखना सुनना और 2007 में लिखे गए लेह के मजिस्ट्रेट के पत्र को पढ़ना चाहिए। बाबूलाल ने कहा कि देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त वांगचुक का समर्थन कर मुख्यमंत्री जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं।

# झूठे आरोप गढ़ कर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा अब पूरी तरह मुद्दाविहीन हो चुकी है। इसलिए सस्ती राजनीति और झूठे आरोप गढ़ कर भाजपा जनता को गुमराह करने का काम कर रही है।

प्रवक्ता पांडेय ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा संविधान, लोकतंत्र और न्याय के पक्षधर रहे हैं। किसी भी नागरिक की आवाज को सुनना और उसका समर्थन करना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है, न कि राष्ट्रविरोध। भाजपा नेताओं को यह समझना चाहिए कि विचार प्रकट करना और असहमति जताना लोकतंत्र की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में क्रांति लाने से लेकर हिमालय की रक्षा और चीन की चुनौती पर देश को जगाने तक सोनम वांगचुक की सच्ची और साहसी आवाज को कैद कर लिया गया है। लेह-लद्दाख के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्,



पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। यह केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि लद्दाख की जनता की भावनाओं और भारत के लोकतंत्र की गिरफ्तारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा झारखंड को स्लीपर सेल बताना झारखंड की जनता का अपमान है। यहां की मिट्टी और मेहनतकश जनता देश की असली ताकत है। भाजपा नेताओं को झारखंडवासियों से माफी मांगनी चाहिए। दरअसल 2024 की हार के बाद भाजपा बौखलाई हुई है और अब केवल झूठ, षड्यंत्र और भ्रम फैलाने में लगी है। अल्पसंख्यक समुदाय को विकास एंव रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अनेक योजनाएं चलायी जा रही है।

## शराब दुकानें बंद करने की मांग

रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री, सचिव उत्पाद व मद्य निषेध मंत्रालय, उपायुक्त व रांची जिला प्रशासन को ईमेल संदेश संप्रेषित कर दुर्गा पूजा के दौरान अष्टमी, नवमी व दशमी के दिन शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक शराब की दुकानें बंद रखने संबंधी आदेश निर्गत करने का अनुरोध किया है।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 229वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण समाजसेवी कैलाश चंद्र गोयल धर्मपत्नी सीता गोयल अपने पुत्र नरेश कुमार गोयल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर एवं उनके परिवार नीतू गोयल, अरनव गोयल, अंशिका गोयल के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। इसके बाद भजन-संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों ने कृष्ण दरबार में मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, विष्णु सोनी, संजय सर्राफ, पवन पोद्दार, धीरज गुप्ता, अशोक ठाकुर, आशीष कुमार,सत्यम कुमार, सुधीर कुमार, सुरज कुमार, मुरली प्रसाद, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा उपस्थित थे।



# झारखंड सरकार का दूध उत्पादकों को बड़ा तोहफा, 60 हजार को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

आजाद सिपही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने नवरात्रि के पावन मौके पर राज्य के दूध उत्पादकों को एक बड़ी सौगात दी है। झारखंड मिल्क फेडरेशन राज्य के करीब 60 हजार दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की यह सौगात दी है। रविवार को कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि अप्रैल 2025 से अगस्त 2025 तक के बकाया प्रोत्साहन राशि को विभाग के द्वारा निर्गत कर दिया गया है। विभाग ने दुग्ध उत्पादकों को दिए जाने वाले 5 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के मद में 16 करोड़ रुपया जारी किया है। अब इस राशि को दुग्ध उत्पादकों के बैंक खातों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। झारखंड मिल्क फेडरेशन के द्वारा वर्तमान में प्रतिदिन 2 .53 लाख लीटर दुग्ध संग्रहित किया जा रहा है। दुग्ध संग्रहण की बढ़ती क्षमता झारखंड को श्वेत क्रांति की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार की योजनाएं दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के साथ-साथ स्वावलंबी बनाने में मददगार साबित हो रही है।



**AFFIDAVIT**

As Per Affidavit Ref. No.:5088, Dated: 11/07/2025. I, Kunti Devi, aged about 46 years, W/O Braj Kishor Mahto, resident of village- Takaha Mahato Tola, P.O. Uttasara, P.S. Petarwar, District-Bokaro (Jharkhand) Aadhar No.5449 0937 2197 do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my daughter's correct and actual name is Babita Kumari and her date of birth is 22.04.2015 according to her birth certificate vide registration no. 310 dated 09.08.2021. 3. That, in my daughter's Aadhar card vide no. 2783 5044 9159 her name has wrongly been mentioned as habits Kumari.
4. That, I want to correct or rectify my daughter's name in my above said daughter's Aadhar card as Babita Kumari in place of habits Kumari.
5. That, I am swearing this affidavit to submit before the authority concern for needful purpose.
6. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief, if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution under the relevant section of law also.

# बड़े धोखे हैं इस राह में!

इन दिनों भारत में लिव-इन रिलेशनशिप (बिना विवाह किए सहमति संबंध) लोकप्रिय होती जा रही है। इसे कुंवारों के साथ-साथ विवाहित भी अपना रहे हैं, जिन्हें अपना पति या पत्नी पसंद नहीं होती। लिव-इन रिलेशनशिप एक ऐसी व्यवस्था है, जो भारत के उच्च आदर्शों से कतई मेल नहीं खाती। इसमें स्त्री-पुरुष बिना विवाह किए पति-पत्नी की भांति रहने के साथ-साथ आपस में शारीरिक संबंध तक बनाते हैं। यहां तक कि कई जोड़े तो बच्चे भी पैदा कर लेते हैं। पश्चिमी देशों में यह आम बात है और उनकी देखादेखी भारत जैसे देशों में भी यह बुराई फैल रही है। भारत में 1978 में सुप्रीमकोर्ट ने पहली बार लिव-इन रिलेशनशिप को मान्यता दी थी। इसमें तलाक की नौबत तो नहीं आती, परंतु इसमें किसी एक साथी द्वारा धोखा देने के कारण दूसरे साथी की जिंदगी नरक जरूर बन जाती है जिसके इसी महीने के मात्र 4 दिनों के उदाहरण निम्न में दर्ज हैं : 21 सितंबर को ही खूंटी (झारखंड) में एक 15 वर्षीय किशोरी अपने प्रेमी प्रेमचंद साहू के क्रोध की बलि चढ़ गयी। ये दोनों 4 महीने से लिव इन रिलेशन में थे। रोज-रोज की पिटाई से तंग आकर वह अपने प्रेमी का घर छोड़ कर अपने गांव वापस आ गयी थी, परंतु प्रेमचंद साहू ने वहां भी उसका पीछा नहीं छोड़ा और उसे अपने साथ चलने के लिए मजबूर करने लगा, लेकिन जब वह न मानी तो उसने चाकू से कई वार करके उसे मार डाला। 22 सितंबर को पालघर (महाराष्ट्र) में सुरेंद्र सिंह नामक एक युवक के साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाली रेखा दुर्गा दास वैष्णव नामक एक युवती के हरीश सुखाड़िया नामक एक अन्य युवक के साथ प्रेम प्रसंग का पता चलने पर सुरेंद्र सिंह को इतना गुस्सा आया कि उसने ईर्ष्यावश हरीश की आंखों में मिर्च का पाऊडर डाल कर चाकू से वार करके उसकी हत्या कर दी। 23 सितंबर को बेंगलुरू (कर्नाटक) में लोहिताश्व नामक एक व्यक्ति ने अपनी लिव इन पार्टनर रेखा के शरीर पर चाकू से एक दर्जन से अधिक वार करके उसकी हत्या कर दी। उसे शक था कि उसके साथ रहने के बावजूद रेखा किसी दूसरे युवक के प्रेम में फंसी हुई है। 24 सितंबर को आगरा (उत्तर प्रदेश) में सन्नी नामक विवाहित युवक के साथ लिव इन में रह रही युवती गीता देवी उर्फ टोनी ने सन्नी की मारपीट से तंग आकर आत्महत्या कर ली। 24 सितंबर को ही बरेली (उत्तर प्रदेश) हाइवे पर एक नर्स की लाश मिली जो शिवपाल नामक एक डाक्टर के साथ एक वर्ष से लिव इन रिलेशन में रह रही थी। उससे मन भर जाने पर डाक्टर श्रीपाल ने पहले तो उसके शरीर पर तेज धार वाले हथियार से 16 घाव किये और फिर इंजेक्शन लगाकर बेहोश करने के बाद उसे कार में डालकर हाइवे पर फैंक दिया। और अब 26 सितंबर को मेरठ (उत्तर प्रदेश) में लिव इन में रह रही फिरदौस नामक महिला पर उसके लिव इन पार्टनर ने चाकू से हमला करके घायल कर दिया, जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उक्त उदाहरणों से स्पष्द है कि लिव-इन रिलेशन किसी भी दृष्टिद्द से भारतीय संस्कृति और परिवारों के अनुकूल नहीं है। यह एक ऐसी बुराई है, जिसको सामाजिक समर्थन नहीं और जिसका परिणाम अधिकांशतः दुखद ही निकलता है। अतः इससे बचने में ही भलाई है। सरकार को इस संबंध में कोई कानून अवश्य बनाना चाहिए, ताकि इस बुराई से मुक्ति मिल सके।

**यह एक ऐसी बुराई है, जिसको सामाजिक समर्थन नहीं और जिसका परिणाम अधिकांशतः दुखद ही निकलता है। अतः इससे बचने में ही भलाई है। सरकार को इस संबंध में कोई कानून अवश्य बनाना चाहिए ताकि इस बुराई से मुक्ति मिल सके।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**भारत की हाल की प्रगति का अधिकांश आधार उन व्यवस्थाओं और प्रणालियों पर टिका है, जिन्हें हमारे नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। डिजिटल पहचान, सार्वभौमिक बैंक खाते और रीयल-टाइम भुगतान की त्रिमूर्ति ने समावेशन को बुनियादी ढांचे में बदल दिया है। लाभ सीधे सत्यापित नागरिकों तक पहुंचते हैं; उचित व्यवस्था के कारण गड़बड़ियां कम होती हैं; छोटे व्यवसायों को अनुमानित नकदी प्रवाह मिलता है; और नीतियां धारणाओं की बजाय आंकड़ों पर आधारित होती हैं।**

# मोदी बेमिसाल नेता : कार्यकुशल कर्मयोगी



**हरदीप एस. पुरी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करिश्माई उपस्थिति और संगठनात्मक नेतृत्व की भरपूर प्रशंसा की गयी है, लेकिन जिस बात को कम ही लोग जानते और समझते हैं, वह यह है कि उनकी कठोर पेशेवर प्रतिबद्धता ही उनके काम की विशेषता है। गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले ढाई दशकों में उनकी कार्यशैली में निरंतर पेशेवर नैतिकता विकसित हुई है। जो बात उन्हें औरों से अलग बनाती है, वह प्रदर्शन की प्रतिभा नहीं, बल्कि ऐसा अनुशासन है, जो विजन को टिकाऊ प्रणालियों में तब्दील करता है। भारतीय मुहावरे में कहा जाये, तो वह कर्मयोगी हैं: कर्तव्य पर आधारित ऐसा कर्म, जिसका आकलन जमीनी स्तर पर आये बदलाव से होता है।

यही नैतिकता इस वर्ष लाल किले से उनके स्वतंत्रता दिवस के संबोधन का आधार रही। उनके इस भाषण में उपलब्धियों का लेखा-जोखा कम और मिल-जुलकर कार्य करने का चार्टर ज्यादा प्रस्तुत किया गयाः नागरिकों, वैज्ञानिकों, स्टार्ट-अप्स और राज्यों को विकसित भारत के सह-लेखक के रूप में आमंत्रित किया गया। गहन प्रौद्योगिकी, स्वच्छ विकास और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं में महत्वाकांक्षाओं को कोरे शब्दों में नहीं, बल्कि व्यावहारिक कार्यक्रमों के रूप में प्रस्तुत किया गया। इन कार्यक्रमों को जनभागीदारी, यानी बुनियादी ढांचे का निर्माण करने वाले राज्य और उद्यमी लोगों के बीच की साझेदारी को एक पद्धति के रूप में प्रस्तुत किया गया।

**ऊर्जा के क्षेत्र में, विविध आपूर्तिकर्ता समूह और संयमित ठोस खरीदारी ने उतार-चढ़ाव भरे समय में हमारे हितों को सुरक्षित रखा है।**

हाल ही में किया गया जीएसटी ढांचे का सरलीकरण इसी पद्धति को दर्शाता है। स्लैब को कम करके और अवरोधों को दूर करके, परिषद ने छोटी फर्मों के लिए अनुपालन लागत कम की है और इसका लाभ सीधे घर-घर तक पहुंचाने की गति बढ़ाई है। प्रधानमंत्री का ध्यान संक्षिप्त राजस्व वक्रों पर नहीं, बल्कि इस बात पर था कि क्या आम नागरिक या छोटा व्यापारी इस बदलाव को जल्दी महसूस कर पायेगा या नहीं। यह स्वाभाविक प्रवृत्ति उस सहकारी संघवाद को प्रतिध्वनित करती है, जिसने जीएसटी परिषद का मार्गदर्शन किया हैः राज्य और केंद्र गहन विचार-विमर्श करते हैं, लेकिन सभी एक ऐसी प्रणाली के भीतर काम करते हैं, जो स्थिर रहने के बजाय परिस्थितियों के अनुकूल ढल जाती है। नीति को एक जीवंत साधन माना जाता है, जो कागज पर समरूपता के लिए संरक्षित एक स्मारक के रूप में न रहकर अर्थव्यवस्था की लय के अनुरूप ढाली गयी है। यही वह व्यावसायिक दृष्टिकोण है, जो अमेरिका से वापसी की 15 घंटे की लंबी उड़ान के बाद देर रात बिना किसी सूचना के निर्माणाधीन नये संसद भवन के गेट पर पहुंचने की बात को समझाता है।

हाल ही में मैंने प्रधानमंत्री से पंद्रह मिनट का समय मांगा था। इस दौरान हुई चर्चा के दौरान मैं उनकी व्यापक समझ और बहुआयामी दृष्टिकोण – एक ही फ्रेम में समाहित बारीक से बारीक विवरण और व्यापक संपर्क देख कर आश्चर्य चकित रह गया। यह बैठक पैंतालीस मिनट चली।

सहकर्मियों ने बाद में मुझे बताया कि उन्होंने इसकी तैयारी में दो घंटे से ज्यादा समय लगाया, नोट्स, आंकड़े और प्रतिवादों का अध्ययन किया। तैयारी का यह स्तर कोई अपवाद नहीं है; यह कार्य का वह मानदंड है, जिसे उन्होंने स्वयं के लिए निर्धारित किया है और जिसकी वह व्यवस्था से भी अपेक्षा रखते हैं। निरंतर तैयारी की यही आदत सुनिश्चित करती है कि निर्णय ठोस और भविष्य के लिए उपयुक्त हों।

भारत की हाल की प्रगति का अधिकांश आधार उन व्यवस्थाओं और प्रणालियों पर टिका है, जिन्हें हमारे नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। डिजिटल पहचान, सार्वभौमिक बैंक खाते और रीयल-टाइम भुगतान की त्रिमूर्ति ने समावेशन को बुनियादी ढांचे में बदल दिया है। लाभ सीधे सत्यापित नागरिकों तक पहुंचते हैं; उचित व्यवस्था के कारण गड़बड़ियां कम होती हैं; छोटे व्यवसायों को अनुमानित नकदी प्रवाह मिलता है; और नीतियां धारणाओं की बजाय आंकड़ों पर आधारित होती हैं। इस प्रकार अंत्योदय - अंतिम नागरिक का उत्थान - यह एक नारा भर नहीं, बल्कि मानक बन जाता है - और प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचने वाली प्रत्येक योजना, कार्यक्रम और फाइल की असली कसौटी बन जाता है।

असम के नुमालीगढ़ में भारत के पहले बांस- आधारित 2जी इथेनॉल संयंत्र के शुभारंभ के दौरान मुझे एक बार फिर इसका साक्षी बनने का सौभाग्य मिला।

इंजीनियरों, किसानों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ खड़े होकर प्रधानमंत्री ने सीधे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रश्न पूछे : किसानों को भुगतान उसी दिन कैसे प्राप्त होगा; क्या आनुवंशिक इंजीनियरिंग से ऐसा बांस तैयार किया जा सकता है, जो तेजी से बढ़ता है और गांठों के बीच बांस के तने की लंबाई बढ़ाता है; क्या महत्वपूर्ण एंजाइमों का स्वदेशीकरण किया जा सकता है; क्या बांस के हर घटक–तना, पत्ती, अवशेष का इथेनॉल से लेकर फुरफुरल और ग्रीन एसिटिक एसिड तक आर्थिक उपयोग किया जा रहा है? चर्चा केवल तकनीक तक ही सीमित नहीं थी। यह लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन और वैश्विक कार्बन फुटप्रिंट तक व्याप्त रही।

अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं में भाग लेने वाले व्यक्ति के रूप में मैंने इस पद्धति को तुरंत पहचान लियाः संक्षिप्त विवरण की स्पष्टता, विवरण में सटीकता और इस बात पर जोर कि कतार में खड़ा अंतिम व्यक्ति पहला लाभार्थी होना चाहिए।

यही स्पष्टता भारत की आर्थिक नीति को भी जीवंत करती है। ऊर्जा के क्षेत्र में, विविध आपूर्तिकर्ता समूह और संयमित ठोस खरीदारी ने उतार-चढ़ाव भरे समय में हमारे हितों को सुरक्षित रखा है। विदेश में एक से ज्यादा मौकों पर, मेरे पास बेहद सरल निर्देश थाः आपूर्ति सुनिश्चित करना, सामर्थ्य बनाये रखना और भारतीय उपभोक्ताओं को केंद्र में रखना। उस स्पष्टता का सम्मान किया गया और परिणामस्वरूप बातचीत और भी सुचारू रूप से आगे बढ़ी। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में भी किसी तरह के दिखावा से परहेज किया गया है। दृढ़ संकल्प और संयम के साथ संचालित अभियानों–लक्ष्य स्पष्ट, सैन्य बलों को संचालन की स्वतंत्रता, निर्दोषों की सुरक्षा– में शोरगुल के बजाय भरोसे को तरजीह दी गयी। नैतिक सिद्धांत एक ही है : कड़ी मेहनत करो, परिणाम स्वयं सामने आयेंगे। इन विकल्पों के पीछे एक विशिष्ट कार्यशैली छिपी है। चर्चाएं सभ्य, लेकिन कठोर होती हैं; परस्पर विरोधी विचारों का स्वागत है, लेकिन भ्रम की कोई जगह नहीं है। सभी की बात सुनने के बाद, वह एक मोटे दस्तावेज को जरूरी विकल्पों तक सीमित कर देते हैं, ज़िम्मेदारी सौंपते हैं और सफलता तय करने के मापदंड बताते हैं। सबसे जोरदार तर्क नहीं, बल्कि सबसे अच्छे तर्क की जीत होती है; तैयारी का सम्मान किया जाता है; निरंतर फॉलोअप किया जाता है। सहकर्मियों के लिए, यह तैयारी एक सीख होती है; व्यवस्था के लिए, यह एक ऐसी संस्कृति है, जहां परिणाम की गुणवत्ता का अनुमान नहीं लगाया जाता, बल्कि उसका आकलन किया जाता है।

यह कोई संयोग नहीं है कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन दिव्य शिल्पी- विश्वकर्मा की जयंती वाले दिन ही पड़ता है। यह समानता शाब्दिक नहीं, बल्कि शिक्षाप्रद हैः सार्वजनिक जीवन में, सबसे स्थायी स्मारक संस्थाएं, मंच और मानक होते हैं।

नागरिक के लिए कार्य निष्पादन एक ऐसा लाभ है, जो समय पर मिलता है और एक ऐसी कीमत, जो उचित रहती है; उद्यम के लिए, यह नीतिगत स्पष्टता और विस्तार का एक विश्वसनीय मार्ग है; राज्य के लिए, यह ऐसी व्यवस्थाएं हैं, जो दबाव में भी टिकी रहती हैं और उपयोग के साथ बेहतर होती जाती हैं।

नरेंद्र मोदी को इसी मापदंड से देखा जाना चाहिए; एक ऐसे कर्मयोगी के रूप में जिनका कार्य निष्पादन दिखावा नहीं, बल्कि एक ऐसी सेवा है, जो भारतीय इतिहास के अगले अध्याय को आकार दे रही है।

**(लेखक : केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# दुर्गा पूजा पंडालों के उद्घाटन में दिखा सोमेश चंद्र सोरेन का जनसंपर्क

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** पूर्व मंत्री सह घाटशिला विधायक स्वर्गीय रामदास सोरेन के निधन के बाद भी उनके जनसेवा के संकल्प को उनके पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन आगे बढ़ा रहे हैं। अपने पिता की विरासत को आगे ले जाते हुए सोमेश ने लगातार घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सक्रिय रह कर जनता से सीधे जुड़ाव बनाए रखे हुए हैं। रविवार को श्री सोरेन ने गुड़ाबांदा प्रखंड के ज्वालकाटा और गुड़ाबांदा गांव में सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडालों का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे। पंडालों की भव्य सजावट और धार्मिक वातावरण ने उपस्थित लोगों को आकर्षित किया और पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया।

**भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि :** इसी दिन श्री सोरेन ने घाटशिला प्रखंड के मोहभंडार चौक स्थित वीर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा भगत सिंह देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। उनका बलिदान और विचार आज भी हमें देशहित में काम करने की प्रेरणा देती हैं।

**कलाझोर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन :** इसके बाद सोमेश चंद्र सोरेन ने हेदलजूड़ी पंचायत अंतर्गत कलाझोर में आयोजित सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का फीता काट कर उद्घाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और विचारों को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया वे अपने पिता के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों का उत्साह और सहयोग देखने लायक था। जगह-जगह सोमेश चंद्र सोरेन का स्वागत किया गया।

# शहीद भगत सिंह की जयंती शहादत दिवस के रूप में मनी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची पलंग मार्केट स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस सहकारिता विभाग के द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती शहादत दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।जिला अध्यक्ष चिन्ना राव के नेतृत्व में कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस दौरान देशभक्ति की नारों के साथ उनके बलिदान को याद किया गया। इस मौके पर चिन्ना राव ने कहा शहीद भगत सिंह का बलिदान देश कभी भुला नही सकती। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, जिला महामंत्री अविनाश यादव, असंगठित कामगार के महानगर अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी, बंटी पांडे, परवेज आलम, राजू कुमार, जयप्रकाश सिंह समेत कई अन्य कांग्रेस और युवा कांग्रेस के नेता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने शहीद भगत सिंह के विचारों और योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करने एवं समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारों और राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# हृदय रोग अब युवाओं को बना रहा शिकार : डॉ तपन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** हृदय रोग विश्व स्तर पर मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन चुके हैं। टीएमएच जमशेदपुर के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ तपन कुमार ने चिंता जताते हुए कहा अब यह केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गई 30 और 40 वर्ष की आयु के युवाओं में भी हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर और अरीथमिया के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया हर वर्ष दुनिया भर में लगभग 1 करोड़ लोग हृदय संबंधी बीमारियों से जान गंवाते हैं। उन्होंने कहा हाइपरटेंशन, डायबिटीज, धूम्रपान और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली हृदय रोग की प्रमुख वजहें हैं। अनुमान है हर चौथा भारतीय वयस्क हाई ब्लड प्रेशर से ग्रसित है। लंबे समय तक बैठे रहना, अत्यधिक तनाव, ट्रांस फैट और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट से भरपूर भोजन भी जोखिम को बढ़ाते हैं। डॉ कुमार के अनुसार रोकथाम के लिए तंबाकू पर कर, ट्रांस फैट पर रोक और नमक-चीनी की खपत में कटौती जैसे कदम प्रभावी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा व्यक्तिगत स्तर पर संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और पर्याप्त नींद से हृदय रोग के जोखिम को काफी हद तक घटाया जा सकता है। डॉ कुमार ने कहा डिजिटल हेल्थ टूल्स, वियरेबल डिवाइसेज और एआइ आधारित इसीजी जैसी तकनीकों से रोग की प्रारंभिक पहचान संभव है। उन्होंने कहा हृदय रोगों को समय रहते पहचान कर और जीवनशैली में बदलाव कर इनके प्रभाव को काफी हद तक रोका जा सकता है। आवश्यकता है जागरूकता, समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की।

### रेबीज जागरूकता अभियान में टाटा स्टील यूआइएसएल की अग्रणी भूमिका


# 23 हजार से अधिक बच्चों तक हुई पहुंच 2030 तक मानव मृत्यु शून्य करने का लक्ष्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने रेबीज जैसी घातक योग्य बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने एवं रोकथाम के उद्देश्य से इस वर्ष भी एक प्रभावशाली जन-सहभागिता अभियान चलाया। कंपनी प्रबंधन ने विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर अभियान में सामुदायिक प्रतिबद्धता को और भी सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। मौके पर प्रबंधन ने 131 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया।जिन्होंने जमशेदपुर के विभिन्न हिस्सों में जाकर 80 से अधिक स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता सत्र आयोजित किया। इन सत्रों से कुल 23,000 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए है। कंपनी प्रबंधन ने विशेष रूप से बच्चों को लक्ष्य समूह के रूप में चुना।कारण देखा गया उनकी स्वाभाविक जिज्ञासा और जानवरों से लगाव उन्हें रेबीज के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से बच्चों को सिखाया गया रेबीज कैसे फैलता है, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं और काटने या खरोंच लगने पर क्या प्राथमिक उपचार किया जाना चाहिए।टाटा स्टील यूआइएसएल की टीम ने सिर्फ शहरी क्षेत्र तक ही सीमित नही बल्कि सरायकेला और आसपास के गांवों में भी व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीण समुदायों के साथ संवाद कर उन्हें रेबीज से बचाव और समय पर उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विशेषकर विकासशील देशों में रेबीज मानव मौतों का एक बड़ा कारण है। कुत्तों के काटने से होने वाले मामलों में यह आंकड़ा 99% तक पहुंचता है। लक्षणों की शुरूआत के बाद इसका कोई उपचार नहीं है। इसके लिए समय पर टीकाकरण और रोकथाम ही एकमात्र उपाय है। टाटा स्टील यूआइएसएल न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बल्कि जिम्मेदार पालतू स्वामित्व और पशु टीकाकरण जैसे संदेशों के जरिये भी समुदाय को रेबीज के खिलाफ सशक्त बनाने का कार्य कर रही है।गौरतलब है यह प्रयास 2030 तक रेबीज से मानव मृत्यु को शून्य करने के अनुरूप है।

# दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में अवैध पेड़ कटाई से ग्रामीणों में रोष, कारवाई की मांग



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में वन विभाग द्वारा विकास योजनाओं के नाम पर की जा रही अवैध पेड़ कटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है विभाग ने लगभग एक एकड़ भूमि पर वर्षों पुराने कीमती पेड़ों को बिना ग्रामसभा की अनुमति के काट डाला है। ग्रामीणों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए वन विभाग पर धोखा देने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने मांग की इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र जांच करायी जाये और कटे हुए पेड़ों की गिनती और उनका विवरण सार्वजनिक किया जाये। ग्रामीणों ने इस तरह की मामले में सरकार से पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी यदि उनकी मांगें नहीं मानी गयीं तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। विरोध प्रदर्शन में गुरुचरण कर्मकार, शक्तिपद हांसदा, मंगल मार्डी समेत दर्जनों ग्रामीण शामि रहे।

### आरके पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ शिक्षक कार्यशाला का आयोजन, शामिल हुए पलामू सांसद

# शिक्षक किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ पटना की ओर से क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) के तहत 'एक्टिव लर्निंग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें आरकेपीएस गढ़वा, आरकेपीएस अधौरा श्रीवंशीधर नगर और आरकेपीएस हूर के कुल 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू सांसद विष्णु दयाल (वीडी) राम और विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष पाण्डेय ने दोनों रिसोर्स पर्सन आरकेपीएस उंचरी के प्राचार्य केआर झा एवं ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर की तनुश्री का पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि शिक्षक किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं। एक्टिव लर्निंग जैसी आधुनिक शिक्षण पद्धति बच्चों को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें जीवन कौशल, नैतिक मूल्यों और समाजोपयोगी दृष्टिकोण से भी जोड़ती है। कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होगी जब उसमें माता-पिता, शिक्षक और विद्यार्थी तीनों का सक्रिय सहयोग शामिल हो। सांसद ने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। वहीं, विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि विभिन्न गतिविधियों, प्रोजेक्ट्स और व्यवहारिक शिक्षा से भी जोड़ा जाना चाहिए, ताकि वे जीवन में आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि लगातार विकसित हो रहे शैक्षिक परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने कार्य में मनोयोग, निष्ठा और ईमानदारी को सर्वोपरि रखें। इस दौरान कार्यशाला को और प्रभावी बनाने के लिए प्रोजेक्टर, स्लाइड्स और विषय-आधारित गतिविधियों का प्रयोग किया गया।



एक्टिव लर्निंग' विषय पर आयोजित कार्यशाला में शामिल सांसद वीडी राम एवं अन्य।

# जीएन कान्वेंट स्कूल में दुर्गा पूजा पर डांडिया एवं गरबा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट 10 प्लस 2 स्कूल में नवरात्रि के पावन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गरबा एवं डांडिया लोक नृत्य पर भव्य एवं मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि गरबा एक भक्तिपूर्ण निवेदन है और मां दुर्गा के आगमन की खुशी है। यह भजनों की मधुर धुनों के साथ किया जाता है। सबसे जरूरी बात यह है कि गरबा मां अंबे की आरती से पहले की जाती है। इसमें भक्त माता देवी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के लिए एक साथ आते हैं। गरबा नृत्य जीवन की गोलाकार गति और जीवन चक्र का प्रतिनिधित्व करती है। इसमें देवी दुर्गा अजेय रहती हैं। इस लोकनृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, विकास कुमार, मुकेश भारती, दिनेश कुमार, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, रागिनी कुमारी, चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, अभय कुमार, ऋषभ श्रीवास्तव, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।



## षष्ठी को बेलो पाती पूजा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र की धूम चारो ओर दिखाई-सुनाई दे रही है। नौ दिनों की इस भक्तिमय यात्रा में रविवार को छठा दिन रहा। पूरा गढ़वा जिला श्रद्धा, आस्था और उत्सव के इस अद्भुत संगम से सराबोर है। नवरात्र के षष्ठी पर बेलो पाती पूजा श्रद्धा और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ की गयी। श्रद्धालु गाजे-बाजे और जयकारों के साथ बेल के पवित्र वृक्ष के पास पहुंचे, जहां मां दुर्गा को आमंत्रित करने के लिए बेलो पाती (निमंत्रण पत्र) चढ़ाया गया। पूजा प्रमुख रूप से गढ़देवी मंदिर पूजा समिति और जय भवानी संघ पूजा समिति के साथ ही सभी पूजा समितियों द्वारा किया गया। समितियों ने परंपरा अनुसार मां को आमंत्रित कर प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया शुरू की। सोमवार को सप्तमी को मां दुर्गा की प्रतिमाएं पंडालों में विराजमान होंगी और श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पट खोल दिए जाएंगे। गढ़वा नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में पूजा समितियों द्वारा भव्य पंडालों का निर्माण किया गया है, जहां आकर्षक विद्युत सज्जा, सांस्कृतिक मंच और भक्तों की भीड़ देखने लायक है। उधर, अष्टमी को महाअष्टमी पूजन, कन्या पूजन और नवमी को हवन के बाद समापन की तैयारियां की जाएगी।

# सजे पंडाल, मां दुर्गा दरबार के पट आज खुलेंगे

- मेराल में गाजे-बाजे के साथ हुआ बेलवा निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** मां दुर्गा की पूजा का खुमार लोगों के सिर चढ़ कर बोलने लगा है। क्षेत्र के लगभग सभी पूजा पंडाल सजधज कर तैयार हैं। सोमवार को महासप्तमी पर मां दुर्गा का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। मूर्तिकार मूर्ति को अंतिम रूप देने में लगे हैं। अधिकांश जगहों पर पंडाल और प्रतिमा का फाइनल आकार देने में कलाकार लगे हैं। इसी बीच मां दुर्गा दरबार को पंडाल में लाने के लिए रविवार को विधि विधान के साथ बेलवा निमंत्रण और पूजा अर्चना की गई। इसके तहत विभिन्न पूजा समितियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान दुर्गा माता की जय और 'जय माता दी' के जयकारे से क्षेत्र गूंजते रहे। पूजा करा रहे आचार्य पंडितों द्वारा विधि-विधान से बेल वृक्ष का पूजन कराया गया। हॉस्पिटल चौक, बस स्टैंड जय भवानी संघ, बाजार टोला, छवआना टोला, पुरवारा टोला, हासनदाग, गोंदा सहित सभी पंचायत में आयोजित पूजा के लिए वेलवा निमंत्रण शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य यजमान के साथ समिति के सदस्यों, स्थानीय ग्रामीणों और महिलाओं ने हिस्सा लिया।



## जमीन विवाद को लेकर मारपीट, तीन महिलाएं घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी थाना क्षेत्र के कुपा मेलवान गांव में रविवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे से मारपीट हो गई। इसमें एक ही परिवार की तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक प्रिंस कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायल श्रद्धा देवी को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया, जबकि सुषमा देवी और ललिता देवी का उपचार सीएचसी में जारी है। पीड़ित नन्हकू राम ने बताया कि विवादित जमीन पर उसके गोतिया जदू राम और मुद्रिका राम द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा था, जिस पर पूर्व से धारा 144 लागू है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी एवं एसबीआइ लाइफ के शिविर में 15 लोगों ने किया रक्तदान




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की गढ़वा इकाई एवं एसबीआई लाइफ गढ़वा शाखा के सहयोग से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के चेयरमैन डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, सचिव डॉ जेपी सिंह, एसबीआई लाइफ के ब्रांच मैनेजर शालिग्राम सिंह, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, रेड क्रॉस के लाइफ मेंबर उमेश अग्रवाल (जिन्होंने मंच संचालन भी किया), डॉ असजद, ब्लड बैंक पदाधिकारी प्रदीप कुमार और रेड क्रॉस डिस्ट्रिक्ट एडमिन अमन गुप्ता उपस्थित थे। वक्ताओं ने रक्तदाताओं को 'जीवन रक्षक' बताते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि यह सीधे किसी की जिंदगी बचाने में सहायक होता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार की शक्ति पर जोर दिया तथा अभियान को समाजहित में महत्वपूर्ण बताया। एसबीआई लाइफ गढ़वा शाखा की ओर से ब्रांच हेड शालिग्राम सिंह, आदित्य प्रकाश, सुधाकर उपाध्याय, आशीष मित्रा और दिनेश राम ने सक्रिय सहयोग दिया। वहीं, रक्तदान करने वालों में आदित्य प्रकाश, आशीष मित्रा, अविनाश कुमार, निधि कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, सुशील शर्मा, डॉ आफताब आलम, शालिग्राम सिंह, फैजान अख्तर, दिनेश राम आदि शामिल थे।

## विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को छोड़ दर्जनों कार्यकर्ता झामुमो में हुए शामिल



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड झामुमो की ओर से शनिवार को पीडब्ल्यूडी डाकबंगला परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें भाजपा, आजसू और कांग्रेस छोड़कर आये दर्जनों कार्यकर्ताओं को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, उपाध्यक्ष रविशंकर कश्यप ने पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण कराया। झामुमों में शामिल होने वालों में आजसू प्रखंड अध्यक्ष विनीत तिग्गा, भाजपा से सपनप्रतीक सिंह एवं कन्हाई सिंह, कांग्रेस से ताहिर अंसारी, संजीव केरकेट्टा, प्रेमचंद बैक, दुर्गेश लकडा, समसाद अंसारी, शिमोन मिंज आदि का नाम शामिल है। इस अवसर पर रविशंकर कश्यप ने पार्टी की मजबूती पर बल दिया। मौके पर मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद, अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर, सिंह मोबिन अंसारी, मंजरुल इस्लाम, सचिव लौरेंस कुजूर, अर्जुन राम आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक का स्थान कोई नहीं ले सकता, उनका सम्मान सर्वोपरि : एसडीएम

डीपीएससीसी ने 10 शिक्षक एवं पांच निदेशकों को किया सम्मानित

### राज्य में इस प्रकार का कार्य केवल गढ़वा में : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की ओर से रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आरकेवीएसबीएड कॉलेज सभागार में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम संजय कुमार पांडेय थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। समिति के संयुक्त सचिव संजय सोनी ने आज के कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वहीं, समिति के सचिव एमपी केशरी ने शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालयों का योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर एसडीएम संजय पांडेय ने कहा कि शिक्षक का कोई स्थान नहीं ले सकता है। उनका सम्मान समाज में सर्वोपरि है। आज जो भी विकास की किरण दिखाई दे रही है वहां शिक्षकों का योगदान जरूर है। वहीं, समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम राज्य में केवल गढ़वा में देखने को मिलता है। जहां पर जिले भर के सभी निजी विद्यालय एक मंच पर आकर इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग लेते हैं। निजी विद्यालयों के लिए सरकार की ओर से किसी भी प्रकार के कार्यक्रम नहीं किए जाते हैं। इसलिए समिति द्वारा शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह एवं ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित किया जाता है। इस दौरान मुख्य अतिथि, समिति के अध्यक्ष और सचिव द्वारा शिक्षकों और निदेशकों को सम्मानित किया गया। इसमें शांति निवास उच्च विद्यालय गढ़वा से राम विनय तिवारी, गांधी मेमोरियल स्कूल रमकंडा से सोनम कुमारी, सरस्वती इंग्लिश पब्लिक स्कूल दलको मझिआंव से राकेश विश्वकर्मा, अक्षर द पब्लिक स्कूल मझिआंव से रंजन कुमार शाह, मॉडर्न पब्लिक स्कूल नगर उंटारी से नीलू कुमार चौबे, एडीएम पब्लिक स्कूल टंडवा गढ़वा से सीमा कुमारी, बाल शिक्षा निकेतन बिशुनपुरा से लक्ष्मी कुमार, आइडियल पब्लिक स्कूल चंदना मझिआंव से शेख हसनैन रजा, ब्राइट फ्यूचर स्कूल से सत्येंद्र कुमार पाण्डेय, आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा से अनूप कुमार पांडेय का नाम शामिल है। वहीं शांति निवास के प्राचार्य सिस्टर रोशना, रामाश्रम विद्या निकेतन नगर ऊंटारी के रामानुज सिंह, सीपी मेमोरियल स्कूल गढ़वा के निदेशक अमरेंद्र कुमार पाठक, एवं गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय चिनिया के निदेशक यासीन मल्लिक को मंच से सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ पंकज प्रभात, गजेंद्र साहू और प्रमोद झा को भी समिति को विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। अंत में लकी टीचर ड्रा का आयोजन हुआ। समिति के वरिष्ठ सदस्य अमित सिंह के धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर चंद्रभूषण सिन्हा, मीरा यादव, भोलानाथ साहू, ललन साहू, चंदेश्वर ठाकुर, सत्येंद्र कुमार, अशोक मेहता, पवन तिवारी, ब्रजेश कुमार मिश्रा, आनंद कुमार पंकज, प्रदीप दुबे, प्रहलाद मेहता आदि मौजूद थे।



## दुगार्पूजा की षष्ठी को हुई मां कात्यायनी की पूजा



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में दुगार्पूजा की षष्ठी पर रविवार को मां कात्यायनी की पूजा धूमधाम से की गयी। अभी प्रखंड के पूजा पांडालों का पट नहीं खुला है। सोमवार को सप्तमी पर पंडाल का पट खोले जाएंगे। अभी कारीगर पूजा पंडाल को अंतिम रूप देने में लगे हैं। देर रात तक पूजा पंडाल सज धज कर तैयार हो जाएगा, जिसे सोमवार को माता रानी के दर्शन के लिए खोल दिये जाएंगे।अभी से ही बाजार में लोगों की काफी भीड़ देखी जा रही है। उधर, सुरक्षा को लेकर सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल मौजूद कर दिये गये हैं। पुलिस की गस्ती दल लगातार प्रखंड के सभी पूजा पंडालों का दौरा कर रही है। दुगार्पूजा कमेटी अधौरा सहित प्रखंड के सभी पूजा पंडालों में संध्या वेला में बेल पूजा संपन्न हुए। पुजारी नीतीश पाठक ने बेल पूजा विधि विधान से संपन्न कराया, जबकि यजमान के रूप में आशीष कुमार एवं पत्नी चंद्रावती देवी थीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं देवी गीत गाती चल रही थीं।

## मिलाप मेडिकल सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत रविवार को गढ़वा में चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने लाभ उठाया। इसकी जानकारी मिलाप मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ असजद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर केंद्र सरकार के निर्देश पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चल रहे राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है। इस दिन शिविर में खास तौर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ महजबीं ने महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया। वहीं, डॉ यमानी ने कहा कि महिलाओं का स्वस्थ परिवार समाज की नींव है। नियमित जांच और समय पर इलाज से अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। मिलाप मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ असजद अंसारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गढ़वा की हर महिला स्वस्थ रहे और किसी भी बीमारी का इलाज समय रहते मिल सके। आने वाले समय में भी इस तरह के शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शमशेर सिंह भी मौजूद रहे।

### आरकेपीएस में नवरात्रि और दशहरा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# हमारे पर्व-त्योहार देश की सभ्यता और संस्कृति के परिचायकः अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नवरात्रि एवं दशहरा के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जूनियर एवं मिडिल शाखा के बच्चों ने रुप सज्जा, गायन, गरबा और डांडिया प्रस्तुत किया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता, भगवान श्रीकृष्ण, मां दुर्गा, मां सरस्वती, राक्षस महिषासुर आदि का भेष बनाकर नन्हे मुन्ने बच्चे सभी का मन मोह रहे थे। कक्षा 2 से लेकर पांच तक के बच्चों ने डांडिया, देवी माता के अलग-अलग गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से सभी को आकर्षित किया। वहीं, कक्षा 6 से कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं ने दुर्गा स्तुति, भक्ति गीत, भाषण, निबंध एवं चित्रांकन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी लोगों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की शुभकामनाएं दी। कहा कि हमारे पर्व-त्योहार देश की सभ्यता और संस्कृति के परिचायक हैं। ये पर्व हमें अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देते हैं। हमें भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ये पर्व हमारे जीवन में खुशियां, उमंग और उत्साह लाते हैं। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उचित मंच मिलता है और अपनी संस्कृति के प्रति जुड़ाव होता है। इस प्रकार से सामूहिक रुप से उत्सव मनाने से हमारी भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों में हर प्रकार के अच्छे गुणों का प्रसार करना है, ताकि पढ़ाई के साथ ही वे अपनी संस्कृति से भी जुड़े रहें। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिए।



## आरएसएस ने पथ संचलन एवं विजयदशमी पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर श्री बंशीधर नगर खंड की ओर से पथ संचलन लाला बागी हनुमान मंदिर से मुख्य पथ होते हुए बस स्टैंड भवनाथपुर मोड से वापस प्लस टू उच्च विद्यालय तक स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में किया गया। रास्ते में स्थानीय नागरिक महिलाएं, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, अनुकूल चंद्र, गायत्री परिवार ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। प्लस टू उच्च विद्यालय में विजयादशमी एवं शस्त्र पूजन हुआ। इस अवसर पर गढ़वा जिला सह कार्यवाह लव जी ने कहा कि आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष के दौरान पंच परिवर्तन के तहत 5 प्रमुख मुद्दों पर जनजागरण अभियान चलाएगा। इनमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्व-निर्भर व्यवस्था, कुटुंब प्रबोधन, और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं. इस दौरान संघ देशभर में गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी और सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन शामिल है। कहा कि संघ का कार्य इसी दिन से शुरू होकर 100 वर्षों तक विस्तारित हुआ है। इस अवसर पर गढ़वा जिला संचालक काशी महतो, पूर्व संचालक विद्यासागर, अनुकुलचंद्र के विजय डॉ खंड कार्यवाह राम बच्चन मेहता, सह खंड कार्यवाह सुजीत लाल अग्रवाल, अविनाश कुमार, सुधीर प्रजापति, अमित्युश, संजीत, अश्विनी, राजकुमार, ललित प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## रारो बाजार में नाटक, धरती चौपाल में रासलीला का आयोजन



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ष दुर्गा पूजा उल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय पूजा समितियों द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हो रहा। कहीं नाट्य मंचन, तो कहीं रामलीला और रासलीला का मंचन दर्शकों का मन मोह रहे हैं। इधर, रारो बाजार परिसर में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय नाटक मंचन का शुभारंभ शनिवार देर शाम को हुआ। जिसका शुभारंभ ज़िला परिषद सदस्य मोहन पासवान, दक्षिणी बीडीसी तेज बहादुर सिंह, पूर्व उपमुखिया शिव प्रसाद यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव, कमलेश यादव आदि ने किया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# खलारी क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडालों का उद्घाटन आज


डकरा बी-टाइप में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।


केडीएच में बना पूजा पंडाल।


करकट्टा में बना पूजा पंडाल।


मोहननगर पूजा पंडाल।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** क्षेत्र के मोहननगर, डकरा बी-टाइप, डकरा बैंक कॉलोनी, सुभाषनगर, खलारी बाजारटांड, धमधमियां माइनस एवं धमधमियां बी-टाइप में पूजा पंडालों का विधिवत उद्घाटन सप्तमी सोमवार को किया जायेगा। वहीं मोहननगर पूजा पंडाल में विद्युत चालित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयी है, जो क्षेत्र का मुख्य आकर्षण बनी रहती है।


डकरा बैंक कॉलोनी पूजा पंडाल।


धमधमिया बी-टाइप स्थित बना पूजा पंडाल।


धमधमिया माइनस में बना पूजा पंडाल।

# पिपरवार क्षेत्र में आज खुलेंगे दुर्गा पूजा पंडाल के पट


सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बचरा का भव्य पंडाल


बेंती दुर्गा पूजा का का आकर्षक पंडाल


बहेरा दुर्गा पूज का पंडाल।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दुर्गापूजा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर आज महासप्तमी के अवसर पर पूजा पंडाल का पट खोला जायेगा। पिपरवार क्षेत्र के बचरा, बहेरा, बेंती, राय कोलियरी व राय बाजार मे आज सुबह पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जायेगा। पिपरवार क्षेत्र बचरा स्थित राम जानकी मंदिर के समीप मां दुर्गा मंडप में भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित इस पूजा पंडाल का आज सुबह पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद उद्घाटन किया जायेगा। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि महासप्तमी के अवसर पर पूजा पंडाल के उद्घाटन के बाद मेला का भी उद्घाटन किया जायेगा। मेला में विभिन्न प्रकार की दुकान, प्रतिष्ठान, झूला सहित लोगों के मनोरंजन के लिए कई साधन उपलब्ध कराये गये हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि दुगार्पूजा के अवसर पर ब्रह्माकुमारी द्वारा भक्ति जागरण व आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला एवं कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है। इधर पिपरवार क्षेत्र के बेंती, बहेरा, राय कोलियरी और राय बाजार मे भी पूजा पंडाल उद्घाटन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कई जगहों पर आज कलश यात्रा भी निकाली जायेगी।

## दुर्गा पूजा को लेकर पिपरवार पुलिस अलर्ट, पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी




पिपरवार (आजाद सिपाही)। दुगार्पूजा को लेकर पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है। पूजा को लेकर लगातार पुलिस के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को पिपरवार पुलिस के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी और पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ बचरा दुगार्पूजा पंडाल, बेंती पूजा पंडाल और बहेरा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। हुड़दंग मचाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। इस मौके पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अभय कुमार के अलावा पूजा समिति के विद्यापति सिंह, प्रमोद कुमार, उमेश कुमार सिंह, अनिल यादव, संतोष यादव, बंसत गुप्ता, उमेश यादव, सुभाष साव सहित कई लोग मौजूद थे।


# बुंडू क्षेत्र के दुर्गा पूजा पंडाल




विशाल क्लब बिचका टोली बुंडू


शिव शक्ति क्लब धुर्वा मोड़ बुंडू।


बिहार क्लब बुंडू।



# बुंडू-तमाड़ में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 12 अवैध महुआ भट्ठी ध्वस्त


**लगभग 8000 किलोग्राम जावा महुआ (शराब बनाने की सामग्री) एवं 220 लीटर तैयार महुआ शराब जब्त**

**दो होटल संचालक गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातु/बुंडू/तमाड़ ।** सहायक आयुक्त, उत्पाद रांची के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर बुंडू अंचल स्थित सोनाहातू एवं तमाड़ थाना क्षेत्रों के कई गांवों में अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी छापामारी अभियान चलाया गया।

इस विशेष अभियान के तहत नरसिंह लोवाडीह, जोजोपीड़ी,



राणाडीह, बारुहातु, सरजमडीह, बोधडीह एवं अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 12 अवैध महुआ भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही, लगभग 8000 किलोग्राम जावा महुआ (शराब बनाने की सामग्री) एवं 220 लीटर तैयार महुआ शराब जब्त की गयी।

अवैध भट्ठियों का संचालन करने वालों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है, फिलहाल आरोपी फरार हैं।

इसके अतिरिक्त दशमफल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक लाइन होटल में छापामारी करते हुए दो होटल संचालकों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

छापामारी दल अवर निरीक्षक, उत्पाद बुंडू अंचलः स्नेहाशीष सेन अवर निरीक्षक, उत्पाद रांचीः पंकज कुमार, सहायक अवर निरीक्षकः विजय मिंज, लखी लकड़ा, अधीनस्थ उत्पाद सिपाहीः आकाश कुमार आदि थे।

## पुरोहिताभिषेक के 25वें वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए खूंटी और तोरपा के विधायक



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया और खूंटी के विधायक राम सूर्ख मुंडा ने रविवार को संत मिखाएल महा गिरजाघर, खूंटी में आयोजित पुरोहिताभिषेक के 25वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए। फादर बिसु बेंजामिन मिंज और फादर बेनेदिक्त बारला को पुष्प गुच्छ देकर दोनों विधायक ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सुदीप गुड़िया ने कहा कि पुरोहित जीवन कठिन डगर है। पुरोहित जीवन भर लोगों की सेवा करते हैं। साथ ही, अनुयायी व ईश्वर के साथ सामंजस्य स्थापित करते हैं। प्रभु यीशु ने पुरोहित को विश्वासियों के हित के लिए भेजा है। आप सभी पर प्रभु यीशु की कृपा बनी रहे।

## इस बार स्वर्ण जयंती मना रही है सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति राधिका मैदान सिल्ली



सिल्ली (आजाद सिपाही)। समिति के लोगों ने बताया कि 1976 में दुर्गा पूजा की शुरूआत राधिका मैदान में हुआ था। इस बार 50 साल पुरा होने पर दुर्गा पूजा को लेकर राधिका मैदान में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने आकर्षण पंडाल के लिए बंगाल के मिस्त्री द्वारा तैयार करवाया गया है। बंगाल से आकर्षित लाइट माता की मूर्ति के सामने सजावट की गयी है। साथ ही आज से सभी भक्तों के लिए पूजा अर्चना के लिए मां का द्वार सभी के लिए खोल दिये गये हैं।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



मुरी (आजाद सिपाही)। रविवार की शाम दशहरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने हेतु सिल्ली मुरी पुलिस ने फ्लैग मार्च कर जायजा लिया। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सिल्ली मुरी पुलिस ने लोगों से अपील की। मौके पर जीआरपी मुरी, ओपी मुरी, आरपीएफ मुरी, सिल्ली थाना के पुलिसबल काफी संख्या में मौजूद थे।

## धीरेंद्र नाथ महतो को दी गयी श्रद्धांजलि



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बामनडीह गांव के पूर्व शिक्षक सह समाजसेवी स्वर्गीय धीरेंद्र नाथ महतो की पांचवी पुण्यतिथि रविवार को उनके पैतृक गांव में मनायी गयी। स्वर्गीय महतो के चित्र पर माल्यार्पण तथा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वहीं उपस्थित शिक्षाविद व बुद्धिजीवियों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस संबंध में शिक्षाविद् उमाकांत महतो ने बताया कि स्व धीरेन्द्र महतो बचपन से ही संघर्षशील एवं मिलनसार व्यक्ति थे। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। मौके पर सोड़ो पंचायत के मुखिया नयन सिंह मुंडा, इंटर कॉलेज तिरूलडीह के प्राचार्य उपेन चंद्र महतो, मनोरंजन महतो, जयचांद महतो, रमेश महतो, कृष्ण चंद्र महतो, क्षेत्रपति महतो, अनाथ महतो, बालक दास महतो, गोपेश कुमार महतो, किशलय कुमार, निखिल कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ईचागढ़ में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रुप दिया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के मैसाड़ा, गौरांगकोचा, लेपाटॉड़, टीकर, नारो, पीलिद,सितु, आदरडीह, डुमरा, सालूकडीह आदि गांवों में प्रति वर्ष धूम धाम से दुर्गा पूजा मनाया जाता है। वही प्रखंड क्षेत्र के विस्थापित गांव मैसाड़ा में विगत 123 वर्षों से दुर्गा माता की पूजा की जा रही है। आयोजक समिति के सत्यनारायण सिंह देव ने बताया कि किशन सिंह देव ने दुर्गा मंदिर की स्थापना किया था और तब से लेकर आज तक प्रति वर्ष भव्य रुप से पूजा अर्चना किया जाता है। उन्होंने बताया कि यंहा पर जो भी श्रद्धालु आते हैं उसका मनोकामना पूर्ण होती है। यंहा दूर दूर से लोग माँ का दर्शन करने पहुंचते है।

## बेलवरण अनुष्ठान के साथ ही खूंटी जिले में पांच दिवसीय दुर्गोत्सव शुरू

खूंटी (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के छठवें दिन रविवार को सुबह माता कात्यायिनी की पूजा-अर्चना और शाम को बिल्वाधिवाश(बेलबरण) अनुष्ठान के साथ ही खूंटी जिले में पांच दिवसीय दुर्गोत्सव की शुरूआत हो गयी। इसके साथ ही कई पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। देर शाम बेलबरण अनुष्ठान के दौरान विभिन्न पूजा समितियों के लोग और श्रद्धालु बाजे-गाजे के साथ विभिन्न जलाशयों के किनारे बेल पेड़ के पास जाकर पूजा-अर्चना कर भगवान भोलनाथ से शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माता दुर्गा को पृथ्वी पर भेजने की प्रार्थना की गयी।

# श्री जानकी रमण मंदिर खलारी में पट खुलते ही मां भगवती दुर्गा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु


श्री जानकी रमण मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।


श्री जानकी रमण मंदिर पूजा पंडाल के उद्घाटन के दौरान खलारी सीओ प्रणव अंबष्ट सहित अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी स्थित श्री जानकी रमण मंदिर में रविवार को पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। पट खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा का दर्शन कर उन्हें नमन किया। श्री जानकी रमण मंदिर पूजा पंडाल का पट बेलवरण पूजन के बाद एवं नवपत्रिका प्रवेश के साथ मां का पट खोल दिये गया। श्रीजानकी रमण मंदिर में खलारी खलारी अंचलाधिकारी सह बीडीओ प्रणव अम्बष्ट, लेफटिनेंट कर्नल स्वाती शुभम, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर जयदीप टोप्पो, केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, अरविंद सिंह, राजन सिंह राजा, बीएन पांडेय, किरण देवी सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर पूजा पण्डाल का उदघाटन किया। साथ ही पूजारियों द्वारा पूजन के बाद जयकारे के साथ मां भगवती का पट खोला गया। पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन कर नमन किया। इससे पहले षष्ठी पूजा, मां दुर्गा का आमंत्रण अधिवास पूजा, बेलबरन पूजा आदि अनुष्ठान किया गया। श्री जानकी रमण मंदिर खलारी में इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव का 77वां वर्षगांठ मनाया जा रहा है। श्री जानकी रमण मंदिर पूजा पंडाल का आकर्षण देखते ही बन रहा है। वहीं मंत्र एवं पाठ की ध्वनि से मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो रहा है। पूजा पंडालों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। पंडाल उद्घाटन के मौके पर पुजारी सर्वानंद दूबे, पूजा समिति के अध्यक्ष रंजन सिंह बिट्टू, सचिव अवधेश यादव, सत्येंद्र सिंह, रतन लाल, ललन सिंह, राघवेंद्र पासवान, रूबी यादव, मनोज यादव, जोगेश्वर वर्मा, बबलू सिंह, संजय कामत, सोनू सिंह, अजित सिंह, नवीन वर्मा, मिट्ठू सिंह, बजरंगी केशरी, मिठू सिंह, अजय वर्मा, संजय विश्वकर्मा, प्रिंस सिंह, अरुण यादव, सूरज, संतोष सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# खूंटी में संघ का शताब्दी वर्ष समारोह और शस्त्र पूजन का आयोजन, हुआ पथ संचलन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी नगर क्षेत्र में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने महादेव बस्ती में संघ के शताब्दी वर्ष सह शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष दो अक्टूबर विजयदशमी के दिन संघ का शताब्दी वर्ष पूर्ण हो रहा है। इस उपलक्ष में संघ के स्वयंसेवकों के साथ-साथ समाज के विभिन्न लोगों ने भी पथ संचलन में भाग लिया। पथ संचलन खूंटी क्लब से होते हुए भगत सिंह, चौक, नेताजी चौक और कर्रा रोड होते हुए महादेव मंडा में संपन्न हुआ। इसके बाद इस स्थल पर शस्त्र पूजन का एवं शताब्दी वर्ष का विजय दशमी उत्सव मनाया गया।

उत्सव में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार का उद्बोधन हुआ। पथ संचलन में पूर्ण गणवेश में 250 से अधिक स्वयंसेवको ने संचलन किया। अजय कुमार ने संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में संघ की अब तक की यात्रा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा संघ के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं इन 100 वर्षों में संघ ने पूरे समाज में एक बदलाव लाने का बहुत बड़ा प्रयास किया है एवं अपना विश्वास स्थापित किया है। इस अवसर पर झारखंड प्रांत के सहकार्यवाह मोहन कच्छप, जिला संघ चालक महादेव मुंडा, सह जिला संघचालक सुरेश मिश्रा, सह विभाग कार्यवाह शशि पांडेय, पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, नारायण संगा, जितेंद्र कश्यप, पुष्पराज तिवारी, रोशन ठाकुर, सुलक कुमार, जिला संपर्क प्रमुख अश्विनी मिश्रा, गुड्डू मिश्र, राम अवतार सिंह, प्रचार प्रमुख तिलक सिंह, अनिल सिंह, सुनील साहू, भुवनेश्वर प्रसाद, विनोद संगा, सुभाष मिश्रा, प्रकाश भाला, एमपी सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी उत्सव मनाया



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने सोनाहातु प्रखंड में विजयादशमी उत्सव मनाया और पथ संचलन किया। भगवान शब्द का शब्दिक अर्थ भ से भूमि, ग से गगन, व से वायु, आ से अग्नि, न से नीर इन पांच तत्व से मिलकर ही सृष्टि का अभिर्भाव हुआ है। कार्यक्रम मे उपस्थित संघ के स्वयंसेवक विभाग ग्राम संयोजक भुवनेश्वर प्रसाद, खूंटी जिला संयोजक सत्येंद्र कुमार, डॉ सोहन महतो, खगेश कुमार, बुधराम महतो, राहे खंड कार्यवाह रंजीत यादव, स्वामी सुशीलानंद महाराज, शिवेश्वर महतो, राजकिशोर एवं सोनाहातु खंड के गण्य मान्य सज्जन उपस्थित थे।

## चोरों ने स्कूल का ताला तोड़ा, नहीं मिला सामान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में दुर्गा पूजा की छुट्टी के बाद शनिवार की रात में अज्ञात चोरों ने स्कूल के पाकशाला का ताला तोड़ दिया। हालांकि उन्हें इस बार वहां से कुछ भी नहीं मिला। बतातें चलें कि यहां 25 अगस्त की रात में भी रसोई का ताला तोड़कर चार गैस सिलेंडर और अंडा की चोरी की जा चुकी है। उधर स्कूल का फिर से ताला तोड़े जाने की सूचना ग्रामीणों ने रविवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीम गोप को दी। उधर, खबर पाकर भीम गोप विद्यालय पहुंचे तो पाकशाला कक्ष का ताला टूटा मिला। लेकिन इस बार चोरों को कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने बताया कि इस बार पाकशाला से सामानों एवं गैस सिलेंडर को हटाकर दूसरे जगह रख दिया गया है। बताया कि 25 अगस्त को हुई चोरी घटना की लिखित आवेदन बेड़ो थाना पुलिस को दी गई थी। अब फिर से चोरों ने चोरी का प्रयास किया है।

### बेड़ो में मना आरएसएस का शताब्दी विजयदशमी उत्सव

# राष्ट्रीय निर्माण में संघ ने अपना 100 साल दिया है : सन्नी टोप्पो

**पथ संचलन में शामिल हुए सैकड़ो स्वयंसेवक**

आजाद सिपाही संवाददाता



आरएसएस के विजयादशमी उत्सव में आयोजित पथ संचलन में शामिल कार्यकर्ता।

**बेड़ो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से रविवार को विजयादशमी उत्सव सह शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पथ संचलन कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के परिसर से होकर साईं मंदिर रोड देवी मंडप चौक, बाजार टांड़, महावीर चौक, लोहरदगा रोड महादानी मंदिर होते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस मौके पर पथ संचलन में एबीवीपी के शिवेंद्र सौरभ, अंकित कुमार, रविंद्र बड़ाइक, मनीषा कुमारी, रुपाली ठाकुर, नीमा कुमारी और राजेश कुमार ने पुष्प वर्षा किया। मौके पर शस्त्र पूजन भी किया गया। इस अवसर पर बौद्धिक कर्ता सुका उरांव ने कहा कि आज संघ 100 सालों की यात्रा पूर्ण कर चुका है। सेवा समर्पण और राष्ट्रीय निर्माण में संघ ने अपना 100 साल दिया है। वहीं, वाणी कुमार राय ने कहा कि पंच परिवर्तन जिसे शताब्दी वर्ष के लिए संघ ने अपनाया है वो है स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं सामाजिक सद्भाव है। इन पांच बातों को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। कहा कि भारत विश्व गुरु बने इसके लिए संघ कम कर रहा है। संघ पर कई बार प्रतिबंध लगा और स्वयंसेवकों को परेशान किया गया। हम लोग संख्या में कम थे, लेकिन धीरे-धीरे संघ समाज में स्वीकार हुआ और आज हमारा काम समाज को स्वीकार है। हम सामाजिक सांस्कृतिक रूप से भारत को मजबूत करने में लगे हुए हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, रामनारायण भगत, राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह, सुदामा गोप, मनोहर कुमार, शशि टाइगर, विकास सिंह, मुकेश कुमार और एसपी साहू सहित दर्जनों स्वयंसेवक शामिल थे।

# नवयुवक संघ के पूजा पंडाल का डीएसपी ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नामकुम रेलवे स्टेशन के पूजा पंडाल उद्घाटन रांची डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने रविवार को दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामना दी। इससे पूर्व पूजा समिति के अध्यक्ष मनीष राय ने डीएसपी का स्वागत माता की चुनरी ओढ़ाकर किया। इसके बाद अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों का आभार जताया गया। इस मौके पर टाटीसिलवे रेलवे गुड्स शेड ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर यादव, साधु यादव, अवधेश यादव, नागेंद्र सिंह, दीपक सिंह, रमेश पांडे, पिंटू सिंह, नवीन सोनी, मंटू लाला, सुनील यादव, चमन रजक कई लोग मौजूद थे।

## सिदरौल में थाना प्रभारी ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** महाशष्ठी के दिन श्री दुर्गा पूजा समिति सिदरौल पेट्रोल पंप के पूजा पंडाल का उद्घाटन हुआ। जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया गया। दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार, सिदरौल की मुखिया लक्ष्मी कुमारी, समाजसेवी प्रदीप लकड़ा, भाजपा नेता मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अध्यक्ष रिंकू राय, बिजेंद्र राय, अनिल वर्मा, अशोक सिंह, प्रभाष झा, कृष्णा गोप, विकास सिंह, वार्ड सदस्य बबली राय, सुमित सिंह आदि उपस्थित थे।

# मां दुर्गा की भक्ति में डूबी नगड़ी



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड के विभिन्न गावों में शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा हैं। प्रखंड में कुल छह गावों में भव्य पूजा पंडाल स्थापित कर मां दुर्गा की पूरे विधि विधान के साथ नौ दिवसीय पूजा अनुष्ठान किया जाता हैं। इस वर्ष भी नगड़ी गांव स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा का प्रतिदिन विधिवत विभिन्न रूपों का पूजन पाठ किया जा रहा हैं। वहीं, बलालोंग में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, मां दुर्गा पूजा समिति, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नयासराय, श्री मां दुर्गा पूजा समिति पिस्का रेलवे स्टेशन, दुर्गापूजा समिति दलादिली और हरख नाथ दुर्गा पूजा समिति कटहल मोड़ में विधिवत पंडालों में दुर्गा पूजा की जा रही है। बतातें चलें कि नगड़ी में दुर्गा पूजा पिछले लगभग 125 सालों से की जा रही है। इस वर्ष श्री रामचरितमानस नवाहन परायण महायज्ञ समिति का 60वां वर्षगांठ है। इस बार भी दुर्गा मंदिर परिसर में वृंदावन से आए पंडित मुनि राज शास्त्री द्वारा श्रीराम चरित मानस पाठ कराया जा रहा है। शाम 7.30 बजे से वृंदावन से पधारी साध्वी प्रभु प्रिया संगीतमय प्रवचन देती हैं, जिसे सुनने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं, दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजन मुख्य पुजारी पंकज पाण्डेय और श्री दुर्गा सप्तशती पाठ पंडित उमा पाठक द्वारा किया जा रहा है। वहीं, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर शिव मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर और नगड़ी देवी मंडप मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। संचालन समिति की ओर से मंदिर परिसर में सोमवार को महासप्तमी पर सुबह 7.26 बजे से 9.42 बजे के भीतर नवपत्रिका प्रवेश उपरांत पूजनकर्म एवं गण्डा जमा किया जाएगा।

## बेलवरण के साथ मां दुर्गा का आह्वान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मां दुर्गा मंदिर में रविवार को महाषष्ठी बेलवरण अनुष्ठान के साथ मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गई। शाम को पुजारी सुबोल देवघरिया की अगुवाई में यजमान नीतेश देवघरिया और साधन कुमार रॉय ने बिल्ववरण का अनुष्ठान विधि विधान के साथ पूरा किया। वहीं सोमवार को नव पत्रिका प्रवेश के साथ ही पंडालों में मां भवानी विराजेंगी। इसके साथ ही दुर्गा पूजा की धूम शुरू हो जाएगी। मौके पर शाम को विभिन्न पंडालों के लोग बाजे गाजे के साथ देवी को आमंत्रण देने निकटवर्ती जलाशयों में गए। जलाशयों के किनारे विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां को पंडाल में पधारने व विराजने का आह्वान किया गया। इधर, सोमवार की सुबह बाजे गाजे के साथ पूरी शुद्धता से नव पत्रिका के साथ माता रानी को पंडाल में लाया जाएगा। मां भवानी के पंडाल में प्रवेश करने के बाद पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जायेंगे। इसके बाद महा सप्तमी का पूजा अर्चना किया जाएगा।

## यादव समाज की बैठक में नयी कमेटी का गठन, नरेश यादव बनाये गये अध्यक्ष

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** यादव महा सभा के रांची जिला अध्यक्ष रामविलास यादव की अध्यक्षता में रविवार को यादव समाज की बैठक बुढ़मू प्रखंड के कूड़ालू गांव में हुई। जिसका संचालन अशोक यादव और धन्यवाद ज्ञापन बलराम यादव ने किया। बैठक में यादव समाज का बुढ़मू प्रखंड में नए कमेटी का चुनाव किया गया, जिसमें नए कमेटी का अध्यक्ष नरेश यादव, सचिव हीरालाल यादव, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष देवसागर यादव, राजेंद्र यादव, सह सचिव लखन यादव, अरविंद यादव, अशोक यादव, संगठन मंत्री दशरथ यादव, सनोज यादव, सोहन यादव पंचू यादव, संरक्षक बालेश्वर यादव, बलिंदर यादव, बलराम यादव, अशोक यादव, कपिल यादव, जगन्नाथ यादव, जय मंगल यादव, मनोज यादव, अरुण यादव, बंधन यादव को बनाया गया। इस दौरान यादव समाज के रांची जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वः तापेश्वर गोप की मृत आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर यादव समाज के रांची जिला जिला मीडिया प्रभारी राजेश यादव, यादव समाज के अरुण यादव, सुरेंद्र यादव, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

## शिविर आयोजित कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच हुई

**इटकी (आजाद सिपाही)।** सुगदा शनि मंदिर समिति एवं सिटी ट्रस्ट अस्पताल रांची के संयुक्त तत्ववधान में रविवार को ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। शिविर में फिजिशियन डॉ सुधांशु रंजन की देखरेख में 55 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इससे पहले शिविर का शुभारंभ शनि मंदिर में पूजा अर्चना के बाद किया गया। जिसमें सिटी ट्रस्ट अस्पताल की ओर से अजय कुमार, बैजनाथ महली, जीतू कुमार एवं शांति कुजूर ने शिविर आए सभी ग्रामीणों की जांच में सहयोग किया।

# दुर्गा पूजा-दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक : प्रो आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**ठाकुरगांव।** मां शारदीय दुर्गा पूजा समिति भांटबोडया के तत्वाधान में रविवार को कलशयात्रा निकाली गयी। इस दौरान कलश वितरण राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी और भाजपा के वरीय नेता कमलेश राम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आदित्य साहु ने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है। उन्होंने पूजा स्थल में अपने कोष से पीसीसी पथ देने की भी घोषणा की। उधर, कलशयात्रा में 301 कन्याओं-महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं के जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलशयात्रा के सफल आयोजन में समिति के अमन शाहदेव, कलेश्वर महतो, जयकुमार साहु, बिजय महतो, विकास साहु, परिबा साहु, मोहन महतो, रामलाल साहु, सुभाष पुरी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# बेड़ो में बारिश में गिरे घर का मलवा हटाने में घायल युवक ने तोड़ा दम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के ईंटा पंचायत के खिरदा गांव में शुक्रवार को लगातार हुई वर्षा के कारण कच्चे घर के ऊपर की छप्पर लकड़ी सहित टूट कर गिरने गयी थी। इस दौरान मलवा हटाने के क्रम में गंभीर रूप से घायल युवक की शनिवार को मौत हो गई। मृतक की मां फूलमनी पन्ना ने बताया कि शुक्रवार को भारी वर्षा के कारण उसका कच्चा मकान का छप्पर लकड़ी सहित गिर गया। बेटा बसंत पन्ना ग्रामीणों के सहयोग से घर का मलवा हटा रहा था। तभी वह आंगन में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अंदरूनी चोटें आईं और उसकी कमर टूट गई थी। अंततः शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। वहीं वर्षा से घर में रखे सभी सामान भींग कर एवं मलवे में दब कर बर्बाद हो गया। युवक की मौत से दुखी फूलमनी ने रोते हुए बताया कि बसंत पन्ना उसका इकलौता बेटा था। उसके दो बच्चे हैं। मृतक अपने पीछे मां फूलमनी पन्ना, पत्नी ज्ञानी बाड़ा, बेटी कणी पन्ना और पुत्र आशीष पन्ना को छोड़ गए। वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व मुखिया सह ग्राम प्रधान बुधराम बाड़ा पीड़ित स्वजन के घर पहुंचे। उनकी स्थित को देखते हुए उन्होंने अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग किया। लगे हाथ प्रशासन से गिरे घर का उचित मुआवजा एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पंसस बेरोनिका केरकेट्टा, समाजसेवी तस्लीम मिरदाहा आदि ने पीड़ित को सांत्वना देते हुए ढांढ़स बंधाया।

# सेवा पखवाड़ा के तहत मनोज सिंह ने दी गरीब-जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को नामकुम प्रखंड के सिदरौल बाजार के समीप भाजपा नेत्री रूपा चौहान के आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर वृद्धजनों का सम्मान और गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने सबसे पहले स्थानीय पुरुष बुजुर्गों को अंगवस्त्र देकर सम्मान किया। इसके बाद गरीब माताओं एवं बहनों के बीच साड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर मनोज सिंह ने नवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में सेवा पखवाड़ा 2025 अभियान चल रहा है। जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें समाज को जोड़ने वाले विविध रचनात्मक कार्य शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता है। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। मंच का संचालन गोरखनाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम को बिरसा पाहन, नारायण प्रसाद, रामशंकर सिंह, बबन सिंह, रूपा चौहान, मीरा देवी ने भी संबोधित किया। समारोह में वीरेंद्र राय, शिवनारायण सिंह, तुलसी गोप, सुनीता देवी, सावित्री देवी, आशा देवी, छोटू गोप, अरुण तिवारी, अनंत सिंह, चंदन बास्के, एसपी सिंह, बी पासवान, एस प्रसाद, मंटू राय, देवराज सिंह, युवराज सिंह, चंदन बास्के, देवराज पासवान, विश्वाजीत कुमार, अरुण प्रसाद, मंगल बैठा, अनंत सिंह, अनिल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## रातू में पुलिस का फ्लैग मार्च

**रातू (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को रातू पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्पकर के नेतृत्व में निकाले गये फ्लैग मार्च में डीएसपी अरविंद कुमार, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, बीडीओ शैलेंद्र चौरसिया आदि शामिल हुए। इस दौरान पुलिस ने नागरिकों से बेखौफ होकर शांति पूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। एसडीओ एवं ग्रामीण एसपी ने फ्लैग मार्च में शामिल जवानों को आवश्यक निर्देश भी दिया।

# दुर्गा पूजा को लेकर बेड़ो में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बेड़ो पुलिस ने रविवार को फ्लैग मार्च किया। बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम और इंस्पेक्टर उत्तम उपाध्याय के नेतृत्व में निकले फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च प्रखंड मुख्यालय के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्र एवं पूजा पंडालों के आसपास और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान डीएसपी ने लोगों को आश्वस्त किया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तैयारी की गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। उन्होंने किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील किया। वहीं मौके पर नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ,लापुंग थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बेड़ो थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान और इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार आदि शामिल थे।

## निबंध प्रतियोगिता में विजेता डीएवी स्कूल के विद्यार्थी हुए सम्मानित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बागीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को टाटा बिल्डिंग इंडिया की ओर से निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता सात जुलाई को स्कूल में आयोजित की गई थी। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। टाटा समूह की यह पहल टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर टीबीआई के प्रतिनिधि अतुल्य पांडेय ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में रचनात्मक लेखन और देश के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया जाता है।

### 20वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक बने वरिष्ट आइएएस अधिकारी केके सोन

# विजेता टीम को पांच और उपविजेता को मिलेगा तीन लाख रुपया

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** 20वां चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट को लेकर रविवार को आयोजन समिति राजेंद्र यूनाइटेड की अनगड़ा स्टेडियम लुपुंग में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र शाही मुंडा ने की। इसमें कमेटी का पुर्नगठन किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक वरिष्ट आइएएस अधिकारी केके सोन लगातार 17वीं बार मुख्य संरक्षक बने।

अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, मुख्य महाप्रबंधक (सीएमडी) सागर साहू, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीइओ), जैलेंद्र कुमार, सचिव अनिल कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष आर्या तांबवर (रामसाय मुंडा), कार्यकारी अध्यक्ष पारसनाथ भोगता, कार्यालय प्रभारी रंजीत महतो, सह कार्यालय प्रभारी प्रदीप पाहन, मुख्य प्रवक्ता शिवदास गोस्वामी, प्रवक्ता मजबूल खान, शिवशंकर केसरी, संरक्षक राज्य सभा सदस्य डा. प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, जिपस अनुराधा मुंडा, नवनीत सिंह, कुलदीप सिंह, प्रणय वर्मा, विवेक गुप्ता, मोहसीन खान, सलाहकार समिति रामकृष्ण चौधरी उर्फ मदारी, रामपोदो महतो, वीरेंद्र सिंह भोगता, राजेंद्र मुंडा, रौशनलाल मुंडा, डॉ रिझू नायक, कृष्णा भगत, लक्ष्मण भगत, अगमलाल महतो, जगेश्वर महतो, पंकज महतो, एकरामुल हक अंसारी, अजय महतो, उपाध्यक्ष दीपक महतो, आतिश महतो, राजेश लोहरा, दुर्गा प्रमाणिक, शिवलाल पाहन, संजय नायक, साकिर अंसारी, राजू प्रमाणिक, संयुक्त सचिव बिपिन मुंडा, अजय सिंह भोगता, सौरव कुमार, अजय राज, छोटेलाल महतो, आशाराम महतो, बिगेश्वर महतो, अंसार अंसारी, अजय देवघरिया, जलेश महतो को बनाया गया।

**दो से 10 नवंबर के बीच खेला जायेगा टूर्नामेंट**

टूर्नामेंट अनगड़ा स्टेडियम लुपुंग में दो से 10 नवंबर के बीच खेला जायेगा। फाइनल समारोह के मुख्य अतिथि केके सोन होंगे। वहीं, विजेता टीम को पांच लाख रुपया, उपविजेता टीम को तीन लाखरुपया, दोनों सेमीफाइनल टीमों को 75-75 हजार रुपया दिया जायेगा। पंजीयन शुल्क 40 हजार रुपये रखा गया है। पंजीयन की अंतिम तारीख छह अक्टूबर है। विशेष जानकारी मोबाइल नंबर 9431326982, 9534114888 पर लिया जा सकता है।

## श्रीराम विवाह की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** दुर्गोत्सव के अवसर पर आयोजित बेड़ो महादानी मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां भगवती के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की आराधना की गई। वहीं, परिसर में एकल अभियान संच बेड़ो अंचल रातू की ओर से आयोजित श्री राम कथा में साध्वी गीता किशोरी की कथा को सुनने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में लोग जुट रहे हैं। उन्होंने शनिवार की रात श्री राम विवाह की कथा में केवट प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। बताया कि प्रबल प्रेम के पाले पड़कर प्रभु को नियम बदलते देखा। भगवान केवट के समीप आए। गंगाजी का किनारा भक्ति का घाट है और केवट भगवान का परम भक्त है, किंतु वह अपनी भक्ति का प्रदर्शन नहीं करना चाहता था। अतः वह भगवान से अटपटी वाणी का प्रयोग करता है। केवट ने हठ किया कि आप अपने चरण धुलवाने के लिए मुझे आदेश दे दीजिए, तो मैं आपको पार कर दूंगा केवट ने भगवान से धन-दौलत, पद ऐश्वर्य, महल, खजाना नहीं मांगा। उसने भगवान से उनके चरणों का प्रक्षालन मांगा। केवट की नाव से गंगा पार कर भगवान ने केवट को उतराई देने का विचार किया। सीता जी ने अर्धांगिनी स्वरूप को सार्थक करते हुए भगवान की मन की बात समझकर अपनी कर-मुद्रिका उतारकर उन्हें दे दी। भगवान ने उसे केवट को देने का प्रयास किया, किंतु केवट ने उसे न लेते हुए भगवान के चरणों को पकड़ लिया। जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है।

## चिंगरी की धरती पर धूमधाम से मनायी गयी जतरा टाना भगत की जयंती, उमड़ा जनसैलाब

# जतरा टाना भगत का जीवन सत्य, त्याग और स्वतंत्रता का प्रतीक है : जनार्दन टाना भगत

आजाद सिपाही संवाददाता





स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग, बच्चे एवं अन्य गणमान्य लोग।

**बिशुनपुर।** प्रखंड के ऐतिहासिक चिंगरी नवाटोली गांव में रविवार को टाना आंदोलन के जनक एवं स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राज्यभर से हजारों अनुयायी जुटे और बाबा को नमन किया। समारोह की अध्यक्षता जनार्दन टाना भगत ने की। उन्होंने कहा कि जतरा टाना भगत का जीवन सत्य, त्याग और स्वतंत्रता का प्रतीक है। कार्यक्रम में रांची के टाना भगत अतिथिगृह के नवचयनित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। अनुशासित जीवनशैली और परंपरागत परिधानों में सजे अनुयायियों के जत्थे ने पूरे गांव को आस्था और उत्साह से भर दिया। वहीं, राजी देवान और बसंत कुमार भगत ने कहा कि 'बाबा का जीवन हमें सत्य और अहिंसा की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।' सचिव राजेश टाना भगत ने उन्हें आदिवासी समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का प्रेरणास्रोत बताया।

सामाजिक कार्यकर्ता अनिल अमिताभ पन्ना ने कहा कि बाबा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। सीआरपीएफ के पूर्व डीआइजी रविंद्र भगत ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बाबा को सादगी और अनुशासन का प्रतीक बताया। समारोह में झारखंड आंदोलनकारी एवं विभिन्न जिलों से आए सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस मौके पर विनय टाना भगत, सुखदेव टाना भगत, मधुसूदन टाना भगत आदि उपस्थित रहे।

## जंगली भालुओं ने किया किसान पर हमला सांस रोक मृत होने का नाटक कर बचायी जान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र के झिकिरमा गांव निवासी मनोज इंदवार (50) पर रविवार की सुबह छह बजे तीन जंगली भालुओं ने हमला कर दिया। भालुओं के झुंड ने मनोज की पीठ एवं कमर पर गहरा घाव कर दिया है। उन्हें पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक मनोज अपने खेत के मेढ को कुदाल से ठीक कर रहे थे। तभी पीछे से तीन भालुओं ने हमला कर दिया। भालू के हमले से वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद उसने समझदारी दिखाते हुए अपनी जान बचाने को सांस रोक ली और मरने का नाटक कर खेत में ही सो गया। इसके बाद भालू उसे छोड़कर जंगल की ओर चले। इसके बाद वह किसी तरह अपने घर आया इसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए।

## आरएसएस ने पथ संचलन कर किया नगर भ्रमण, जगह-जगह की गयी फूलों की वर्षा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आरएसएस सिसई खंड की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष और श्री विजयादशमी उत्सव के अवसर पर शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई प्रांगण से पथ संचलन का शुभारंभ हुआ। जो मेन रोड, थाना रोड से होते हुए शहिद लोहरा उरांव चौक से होकर वापस विद्यालय प्रांगण लौटी। नगर भ्रमण कार्यक्रम में आरएसएस के पारंपरिक गणवेश में अनुशासित तरीके से पंक्तिवत हाथ में लाठी लिए और विद्यालय के घोष दल के अगुवाई में सभी लोग पथ संचलन कर रहे थे। इस दौरान बहनों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिट्टू, गुमला विभाग संघ चालक साहु प्रकाश लाल भी पूर्व गणवेश में थे। सिसई अंचलाधिकारी अशोक बड़ाईक, सिसई पुलिस बल के जवान, जिला कार्यवाह लक्ष्मी नारायण सिंह, गुमला बौद्धिक प्रमुख श्री राजेश साहु, जिला शारीरिक प्रमुख बलराम सिंह, प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा, खंड कार्यवाह नवीन साहु , समाजसेवी, संजय वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, पंकज कुमार साहु, रोहित शर्मा, दामोदर सिंह, मनीष बाबू, उदय कुशवाहा, मुकेश ताम्रकार,सौरभ ताम्रकार, छोटेलाल ताम्रकार, सुमित महली, दिलीप कुमार गुप्ता, राजकुमार पौराणिक, अरुण नारायण सिंह, सहित स्कूली छात्र छात्राओं, बजरंग दल, मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनें आदि के साथ सैकड़ो गणमान्य, समाजसेवी एवं स्वयंसेवक पूरे हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया।

## त्योहारों में विधि व्यवस्था को लेकर चेंबर ने की थाना प्रभारी से मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह कर रहे थे। इसका उद्देश्य आगामी त्योहारों में विधि व्यवस्था पर चर्चा करना था। दुर्गा पूजा, दशहरा और दिवाली के अवसर पर विधि व्यवस्था को संतुलित रखने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से नियंत्रित रखने और सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के संबंध में चर्चा हुई। थाना प्रभारी की ओर से पूरी तरह से आश्वस्त किया गया कि किसी तरह की असुविधा नहीं होगी। इस मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ में निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, प्रतीक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल और हिमांशु केसरी आदि उपस्थित थे।

## हमें अपने समाज और राष्ट्र के लिए काम करना होगा: त्रिलोचन

### बिशुनपुर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बिशुनपुर स्थित स्टेडियम में खंड कार्यवाहक बिंदेश्वर साहू और मंडल कार्यवाहक रामप्रसाद बड़ाईक के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें पथ संचलन, शस्त्र पूजन और विजयदशमी उत्सव परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। संघ के विभाग कार्यवाहक त्रिलोचन जी ने कहा कि संघ का लक्ष्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है। राष्ट्र के विकास में योगदान दें। कहा कि हमें अपने समाज को शिक्षित, संगठित और सशक्त बनाने के लिए काम करना होगा। कहा कि जब तक व्यक्ति सशक्त और चतुरवान नहीं होगा, समाज और राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं है। हमें अपने समाज और राष्ट्र के लिए काम करना होगा और एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। इससे पूर्व बनारी के पांचो पांडव से गोरा टोली गांव तक एवं बिरसा बाग से विभिन्न चौक चौराहा होते हुए हाई स्कूल स्टेडियम तक स्वयंसेवकों ने अपनी सैन्य परेड एवं अनुशासन का प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें प्रोत्साहित किया, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। लोगों ने कहा कि आरएसएस का यह कार्यक्रम समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। हमें भी समाज के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, महेंद्र भगत, भिखारी भगत, केदार साहू, जगत ठाकुर, बच्चन चौरसिया, अजीत उरांव लाल साहू और सुदर्शन जी आदि उपस्थित रहे।

## नवडीहा की जर्जर सड़क के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश, एनएच किया जाम



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत नवडीहा पंचायत के ग्रामीणों ने रविवार को जर्जर सड़क और बदहाल व्यवस्था के खिलाफ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) जाम कर दिया। ग्रामीणों के आंदोलन से घाघरा-लोहरदगा मुख्य पथ पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा और सैकड़ों वाहन बीच रास्ते में फंसे रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत की सड़क कीचड़ में बदल चुकी है। हालात इतने खराब हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों और महिलाओं को रोजाना भारी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। आरोप है कि गांव में विकास कार्य पूरी तरह थम गया है। यहां तक कि बेटियों की शादी के लिए भी कोई तैयार नहीं होता। प्रसव पीड़िता महिलाओं को बहंगी में उठाकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक सड़क की मरम्मत और विकास कार्य शुरू नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। उधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ खाखा सुशील कुमार, बीडीओ दिनेश कुमार और थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से वार्ता की और जल्द समस्या के समाधान का लिखित भरोसा दिलाया। इसके बाद जाम हटा।

### जज साहब का रूट बदला, प्रशासन ने ली राहत की सांस

**जाम के दौरान झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नेतरहाट जाने वाले थे। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने उनका मार्ग बदल दिया और गमहरिया से नवडीहा होते हुए सुरक्षित निकाला। इस वजह से उनका काफिला जाम में फंसने से बच गया। हालांकि जज साहब के लिए रास्ता बदलने की हड़बड़ी में प्रशासनिक अमला पसीने-पसीने रहा। जब तक उनका काफिला सुरक्षित पार नहीं कर गया, पूरे प्रशासन में तनाव का माहौल बना रहा।**

## 'सेवा पखवाड़ा' के तहत भाजपा ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा गुमला जिला के शीर्ष नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बस स्टैंड रोड सिद्धि विनायक होटल सभागार में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पार्टी के जिला संयोजक दामोदर कसेरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर पूरे देश में पार्टी की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गुमला में आयोजित शिविर में सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रसिद्ध च्चिकित्सक डॉ अभिषेक कुमार रामाधीन ने सिर, कान, नाक और गला से संबंधित करीब 200 मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवा वितरित किया। इसमें गुमला जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजन दामोदर कसेरा, विनोद कुमार, सुरेश सिंह, सत्ता पटेल, अनूप चंद्र अधिकारी, निर्मल गोयल, भूपन साहू, गुड्डी नंदा, मृत्युंजय कुमार, राधेश्याम कुशवाहा, संजय वर्मा, कौशलेंद्र जमुआर, विपिन सिंह, मनमोहन सिंह, शंकर लाल जाजोदिया, राजेश सिंह, शंभु सिंह, सरजू साहू, रितेश कुमार, नीतेश कुमार, अमन कुमार और रविकांत कुमार आदि उपस्थित थे।

## जय सरना किसी से नहीं डरना टीम बनी विजेता



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** नवाडीह खेल मैदान में न्यू सितारा फुटबॉल क्लब हेठ आदर के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार की शाम समापन हुआ। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत, समाजसेवी नीलू शांति भगत, कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो, पूर्व मुखिया राजीव उरांव आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं, निर्णायक फाइनल मैच मिंज ब्रदर्स चट्टी और जय सरना किसी से नहीं डरना टीम के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद जय सरना किसी से नहीं डरना की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर रविंद्र भगत ने कहा कि खेल अनुशासन और भाईचारे का प्रतीक है, यह युवाओं में टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों में आगे बढ़ने की अपील की। समाजसेवी नीलू शांति भगत ने कहा कि फुटबॉल यहां की पहचान है और इसे संरक्षित व प्रोत्साहित करना सभी की जिम्मेदारी है।

## सरहुल को लेकर केंद्रीय सरहुल संचालन समिति ने समीक्षा बैठक, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की समीक्षा बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता सागर उरांव ने की। बैठक में सचिव दीप नारायण उरांव ने सरहुल महोत्सव 2025 सफलता पूर्वक संपन्न होने पर सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सरहुल महोत्सव का आय-व्यय का ब्योरा पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में सांस्कृतिक जुलूस एवं पूजा के संबंध में चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्णय लिये गये। अंत में सांस्कृतिक जुलूस में शामिल उत्कृष्ट खोड़हा दलों में से प्रथम पुरस्कार खरका नृत्य दल, द्वितीय पुरस्कार पुग्गू ढाउठा टोली गुमला को दिया गया। जबकि तृतीय पुरस्कार तारा आदिम जनजाति डीपा कुजांग को देना तय हुआ था। पर तारा आदिम जनजाति डीपा कुजांग के सदस्य उपस्थित नहीं थे अतः निर्णय लिया गया कि वे खोड़हा दल किसी भी दिन कोषाध्यक्ष सुखबिहारी उरांव से संपर्क कर पुरस्कार प्राप्त कर लेंगे। इस मौके पर दीपनारायण उरांव, कमलेश उरांव, सागर उरांव, सुखबिहारी उरांव, मंगलाचरण उरांव, देवराम भगत, गरभू उरांव, गोविंदा उरांव, बसंत उरांव, महेश उरांव, महावीर उरांव, सोनो मिंज, फुलमनी देवी, चंद्रमुनि खाखा, जया बा, विश्वनाथ उरांव, जगन्नाथ भगत, सूकरा उरांव, अन्नू भगत और घनश्याम उरांव आदि उपस्थित थे।

## जालसाजी कर जमीन खरीद-बिक्री के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद

### मुखिया-सहयोगियों पर जीवित वंशज के रहते जमीन बिक्री कराने और पैसा हड़पने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** बड़े शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी अवैध तरीके से जमीन खरीद बिक्री का मामला आये दिन देखने और सुनने को मिल रहा है। इसका ताजा उदाहरण प्रखंड के बरगांव उत्तरी पंचायत के बिरहोर टोली में देखने को मिला है, जहां अवैध रूप से जमीन की खरीद बिक्री में शामिल जनप्रतिनिधि एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ गोलबंद ग्रामीणों ने बैठक की। जिसमें जमीन बिक्री में संलिप्त पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य लोगों की जालसाजी से आक्रोशित ग्रामीणों ने एक सप्ताह में बिक्री की राशि असल जमीन रैयत के वंशज को लौटाने का सुनाया फरमान। बरगांव बिरहोर टोली गांव में 5.95 एकड़ जमीन मालिक स्व गंदुर अधिकारी की जमीन का 80 डीसमील जमीन का सौदा मुखिया सुनिता कुमारी, सहयोगी राजू उर्फ टुनू साहु और रमेश उरांव से मिलकर गंदुर अधिकारी के दूर के रिश्तेदार गनू अधिकारी, वर्तमान पता सिसई थाना क्षेत्र के लुल्हवा और लुल्हवा के सूरज उर्फ मंटु ठाकुर से जमीन के एवज में 20 लाख रुपए दिलाने के नाम पर गंदुर को नावल्द बताकर जमीन की पांच अगस्त को रजिस्ट्री कराने और दाखिल-खारिज दो सितंबर को होने का मामला प्रकाश में आया है। असली जमीन रैयत स्व गंदुर अधिकारी की वर्तमान में एक शादीशुदा पुत्री रामी देवी है, जो माता-पिता एवं भाई की मृत्यु के बाद बीते 28 साल से अपने पति और बच्चों के साथ मायके में ही रह कर पिता की जमीन की देख-रेख और खेती-बाड़ी करती है। बैठक में उपस्थित संलिप्त लोगों के अनुसार वंशावली में स्व गंदुर अधिकारी को मुखिया ने नावल्द बताकर अन्य रिश्तेदार गनू अधिकारी को रैयत का वंशज बताकर जमीन की अवैध तरीके से रजिस्ट्री एवं दाखिल-खारिज कराया है। रजिस्ट्री के दौरान लुल्हवा गांव के ही सूरज ठाकुर को गनू का पुत्र एवं पहचानी बनाया गया है। आरोप है कि दोनों को मुखिया ने रजिस्ट्री कार्यालय ले जाकर थाना रोड सिसई निवासी विपुल राज के नाम पर रजिस्ट्री कराया गया। रजिस्ट्री के बाद घर लौटने के क्रम में मुखिया ने गनू को नकद 50 हजार और सूरज को पांच हजार रुपए देकर बाकी पैसा बाद में देने की बात कहकर लुल्हवा अपने घर भेज दिया। गनू अधिकारी ने बकाया कि पैसा मांगने पर खरीददार से पैसा मिलने के बाद देने की बात कहकर टाल मटोल करवे लगा। अपनी पुश्तैनी जमीन की बिक्री होने की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना रामी देवी एवं उसके पति अर्जुन गोप ने ग्राम प्रधान एतवा उरांव एवं अन्य लोगों को दी गई। ग्राम प्रधान ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को ग्राम सभा की बैठक बुलाई, जहां जमीन के खरीददार, बिक्री कर्त्ता और मुखिया एवं उनके सहयोगियों को बुलाया गया। बैठक में मुखिया और उनके सहयोगियों को छोड़ सभी उपस्थित हुए। जहां जमीन खरीदार द्वारा 18 लाख 50 हजार में जमीन खरीदने और इसके एवज में रजिस्ट्री से पूर्व 9 लाख 50 हजार रुपये देने के आलावा बाकी 9 लाख रुपए बकाया होने की बात कही गयी। सभी पक्षों की बात सुन पद पर आसीन मुखिया एवं उनके सहयोगियों की संलिप्तता होने पर बैठक में शामिल ग्रामीण आग बबूला हो गए। भारी आक्रोश के बीच सर्वसम्मति से पांच अक्टूबर को जालसाजी में शामिल लोगों और खरीददार को ग्रामीणों की उपस्थिति में असली जमीन मालिक रामी देवी को जमीन वापस दिलाने और क्रेता को पूरी राशि वापस भुगतान करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में मुखिया सुनिता कुमारी ने कहा कि उनके उपर लगे आरोप झूठे-बेनुनियाद हैं। वंशावली में हस्ताक्षर मेरा है लेकिन जमीन खरीद बिक्री का एक भी पैसा मुझे नहीं दिया गया है। क्षेत्र से बाहर रहने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सकी।

## ट्रैक्टर लेकर फरार मजदूर को यूपी पुलिस ने गुमला से पकड़ा, चोरी से किया इनकार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भवानी गांव स्थित जनता ईंट भट्ठा से ट्रैक्टर लेकर फरार झारखंड के मजदूर सुकरा लोहरा को पुलिस ने गुमला से गिरफ्तार कर लिया। गाजीपुर पुलिस भट्ठा मालिक के साथ गुमला पहुंची थी, जहां स्थानीय पुलिस की मदद से संयुक्त अभियान चलाकर आरोपी को पकड़ा गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद यूपी पुलिस उसे अपने साथ ले गई। भट्ठा मालिक अखिलेश राय ने तीन दिन पहले प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसका मजदूर सुकरा लोहरा ट्रैक्टर लेकर निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। संपर्क करने पर उसने टालमटोल जवाब दिया। जांच के दौरान पुलिस ने सुकरा की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की, जो गुमला जिले के बरगांव में पाई गई। इसके बाद गाजीपुर और गुमला पुलिस ने सघन छापेमारी शुरू की और अंततः आरोपी को पकड़ लिया। हालांकि पकड़े जाने के बाद सुकरा ने ट्रैक्टर चोरी की बात से साफ इनकार किया। उसने पुलिस को बताया कि उसे केवल घर लौटना था, लेकिन भट्ठा मालिक उसे वापस नहीं आने दे रहा था। इस कारण उसने ट्रैक्टर लेकर भागने का कदम उठाया। सुकरा ने दावा किया कि ट्रैक्टर को रास्ते में ही छोड़कर वह अपने गांव भाग आया। अब पुलिस दावे की जांच कर रही है कि ट्रैक्टर कहां छोड़ा गया और उसकी स्थिति क्या है।

## सीओ-बीडीओ ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर घाघरा प्रखंड मुख्यालय में प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। सीओ खाखा सुशील कुमार, बीडीओ दिनेश कुमार और थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने संयुक्त रूप से मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने घाघरा चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति, थाना चौक दुर्गा पूजा समिति, मिलन चौक दुर्गा पूजा समिति दुर्गा पूजा समिति नौडीहा और हनुमान वाटिका दुर्गा पूजा समिति के पंडालों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, अग्निशमन की तैयारी, भीड़ नियंत्रण और स्वच्छता को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। आयोजकों से कहा कि सभी पंडालों में अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और स्वयंसेवक दल को सतर्क रखें। पूजा के दिनों में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर भी विशेष चर्चा हुई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बारिश से फीकी पड़ी बाजार की रौनक पुनः लौटी

मौसम ने दिया साथ, बोनस व मईया योजना की राशि से दुकानदार- खरीददार उत्साहित

दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात कर्मियों को मिले बोनस व झारखंड सरकार की मईया योजना के तहत महिला लाभुकों को मिली राशि ने त्योहारी सीजन में बोकारो और चास के बाजारों की रौनक बढ़ा दी है। हालांकि, बीते दिनों रुक- रुक कर हो रही बारिश ने बाजार की रौनक को फीका अवश्य कर दिया था, लेकिन मौसम साफ होते ही मार्केट पुनः गुलजार होने लगे हैं। दुर्गापूजा, दशहरा व दीपावली को लेकर चास- बोकारो की बाजारों में त्योहारी खुमार चढ़ने लगा है। बोकारो शहर के सिटी सेंटर सेक्टर 4, सेक्टर 9 बाजार, बोकारो मॉल आदि में शाम होते ही ग्राहकों की भीड़ खरीददारी को उमड़ रही है।

देखा जाये तो इस त्योहारी मौसम में आमतौर पर सबसे ज्यादा बिक्री कपड़ों की होती है। इसके अलावा जेवर दुकानों, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल की दुकानों में भी लोग ग्राहक पहुंच रहे हैं। कहीं-कहीं दुर्गापूजा और दशहरा के अवसर पर ग्राहकों को लुभाने हेतु विशेष छूट व ऑफर भी प्रतिष्ठानों द्वारा दिया जा रहा है। बीएसएल के लगभग 8429 कर्मियों को 29500 रुपये प्रति कर्मचारी बोनस (एक्स ग्रेशिया) के रूप में मिले हैं। अर्थात, इन कर्मियों के खातों में कुल मिलाकर 2486 55 500 रुपए पहुंचे। नियमित कर्मियों के खातों में फॉर्मूला के मुताबिक तय राशि पहुंची।

वहीं, लगभग 150 प्रशिक्षुओं के खातों में 23600 रुपये भेजे गये हैं। उसके अलावा रेलवे, सरकारी क्षेत्र, डीवीसी एवं अन्य निजी क्षेत्र का आकलन करें तो इस बार करीब बोनस का 200 करोड़ रुपये बाजार में आने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक जिले में मईया सम्मान योजना की 3. 3 2 लाख महिला लाभुकों को सितंबर माह की राशि दुर्गा पूजा में ही देने की घोषणा की गयी है।

## क्या कहते हैं दुकानदार







इस बार तिवारी सीजन में दुकानदारों को मिली जुली प्रतिक्रियाएं सामने आयी है। कुछ व्यवसायियों की माने तो बोनस एवं मईयां योजना से मार्केट की रौनक बढ़ने की जितनी उम्मीद थी, वैसी देखने को नहीं मिल रही है। बारिश के कारण बाजार की रौनक थोड़ी फीकी पड़ी है। वहीं लोगों में बढ़ रही ऑनलाइन खरीदारी की प्रवृत्ति ने भी बंजारों के रौनक को कम किया है। वहीं, कुछ दुकानदारों ने बताया कि इस बार का बिजनेस ठीक है।

सिटी सेंटर4 के रेडिमेड कपड़ों के व्यवसायी ताजीम खान का कहना है कि इस बार बाजार में दम नहीं है। ऑनलाइन खरीददारी ने रेडिमेड कपड़ों के बिजनेस पर असर डाला है।




साड़ी व्यवसायी ज्योति प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष बोनस का मार्केट पर मिलजुला असर दिख रहा है। बारिश की वजह से बाजार प्रभावित हुआ है। फिर भी स्थिति संतोषप्रद है।

सिटी सेंटर के जाने माने मोबाईल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विक्रेता किरीट बोरा का कहना है कि इस वर्ष ग्राहकों का रेस्पॉन्स बहुत अच्छा है। जी एस टी में आई कमी की वजह से ग्राहक जम के खरीददारी कर रहे हैं। वहीं, बोनस मिलने से भी ग्राहक उत्साहित हैं।

साड़ी विक्रेता विपिन अग्रवाल ने बताया कि बारिश से बाजार की रौनक फीकी अवश्य पड़ी थी। लेकिन अब रौनक लौटी है। बाजार पर ग्राहकों का दबाव भी बढ़ गया है। यदि, बोनस और पहले मिला होता तो और ठीक रहता।

स्वर्ण प्रतिष्ठान के मैनेजर ललन सिन्हा का कहना है कि इस वर्ष बिजनेस में मिलजुला असर है।

## बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस 2 में हादसा कैमरे की नजर में





बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान।



# बरमसिया चौथी बार बना चैंपियन

खेल में भी करियर की संभावनाएं हैं : उपायुक्त रामनिवास

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी(बेरमो)।** डुमरी प्रखंड के ससारखो पंचायत के लक्ष्मी चौक मैदान में 26 सितंबर से सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित 3 दिवसीय डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। 16 टीमों की सहभागिता से इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच चालमो बरमसिया एवं नागाबाद के बीच खेला गया। इसमें चालमो बरमसिया 74 रनों से विजय हुआ। चालमो बरमसिया लगातार चौथा वर्ष विजेता रहा। विजेता टीम को 25 हजार रुपये व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये व ट्रॉफी दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रामनिवास यादव उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कुछ गेंदें स्वयं भी खेलकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में डे नाईट क्रिकेट का आयोजन होना अच्छी बात है। खेल में भी करियर की संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर कहा कि मेरा पूरा प्रयास होगा कि अगले वर्ष का टूर्नामेंट स्टेडियम में हो। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र के समस्याओं से संबंधित मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा। बता दें कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिप सदस्य प्रदीप मंडल द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है। इस दौरान सीओ शशिभूषण वर्मा, आयोजन कर्ता सह जिप सदस्य प्रदीप मंडल, जिप सदस्य सुनीता कुमारी, झारखंड मुखिया संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुबोध यादव, कमलापति मंडल, मुखिया रेणु देवी, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार, मंडल सचिव कैलाश दास, कोषाध्यक्ष अमृत राय आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा पर सुरक्षा को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने किया विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण, कहा

# सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक आदेशों का हर हाल में पालन किया जाना चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में रविवार को धनबाद उपायुक्त (डीसी) आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने जिले के विभिन्न इलाकों का दौरा कर पूजा पंडालों और मेलों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

फ्लैग मार्च पुलिस केंद्र से शुरू होकर बैंक मोड़, धनसार, कतरास मोड़, झरिया, इंदिरा चौक, लोदना, फुसबंगला, सिंदरी, जोरापोखर, डिगवाडीह, पाथरडीह, गोशाला मोड़, बलियापुर, कलियासोल, एगयारकुंड, कालूबथान, पंचेत, चिरकुंडा, मुगमा, कुमारधुबी, गलफरबाड़ी, निरसा, मैथन, गोविंदपुर होकर गुजरा।

निरीक्षण के दौरान दोनों वरीय अधिकारियों ने पूजा समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक आदेशों का हर हाल में पालन किया जाना चाहिए। समिति सदस्यों को भीड़ प्रबंधन, अग्निशमन की व्यवस्था, आपात स्थिति में त्वरित निकासी मार्ग और बिजली कनेक्शन की जांच जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, एडीएम विधि व्यवस्था श्रीमती हेमा प्रसाद, एसडीएम राजेश कुमार, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत मनिक बाखला, डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत विभिन्न अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं पुलिस प्रशासन के कई अन्य पदाधिकारी व जवान भी शामिल थे।



### शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनायें : एसएसपी

एसएसपी ने कहा कि किसी भी तरह की सूचना अथवा शिकायत के लिए धनबाद पुलिस के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8210840901 या फिर 9262998499 पर भी लोग संपर्क कर सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी। वरीय पदाधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनायें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस या डायल 112 पर दें। किसी भी तरह की अफवाह पर बिल्कुल भी ध्यान न दें।

### दुर्गा पूजा में तैनात वॉलिंटियर को थाना प्रभारी ने टी-शर्ट का वितरण किया



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को सामाजिक सोहार्द के साथ शांतिपूर्ण बनाने को लेकर बोकारो जिले के जिला कप्तान हरविंदर सिंह खुद जिले के सभी पंडालों का खुद औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। पूजा में किस तरह विधी व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके इसके लिए वह गंभीर है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक, बोकारो के निर्देशानुसार आज जिले के सभी थाना प्रभारी के द्वारा पूजा पंडाल में तैनात कमेटी के रूप में कार्य करने वाले वॉलिंटियर को शर्ट का वितरण किया गया। यह वितरण थाना प्रभारी चास, माराफारी सिटी, चीरा चास, पिंड्राजोरा एवं नावाडीह में किया गया।

## सिंदरी में भाकपा माले के बैनर तले धरना



**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन भाकपा माले के बैनर तले सिंदरी बस्ती के सैकड़ों महिला पुरुष सिंदरी बस्ती में स्थित पंप हाउस में धरना दिया। इसी बीच हर्ल प्रबंधन के द्वारा प्रदर्शन कर रहे एक प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिए बुलाया गया। वार्ता के लिए सिंदरी विधायक कॉम चंद्रदेव महतो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल हर्ल कॉन्फ्रेंस हॉल पहुंचा, जिसमें मुख्य रूप से कॉम छोटन चटर्जी, राजीव मुखर्जी, मिथुन मंडल, पिंटू मल्लिक, धनंजय रजवार, प्रकाश पॉल, बैद्यनाथ रजवार मुख्य रूप से शामिल रहे। वार्ता में प्रतिनिधि मंडल के सभी मांगों पर हर्ल प्रबंधन द्वारा सहमति जताया गया। हर्ल द्वारा छोटा डोमगढ़ आदिवासी टोला तथा मल्लिक टोला में तत्काल जलापूर्ति की जायेगी और सिंदरी बस्ती तथा निमटांड में अगले तीन महीने के अंदर जलापूर्ति की जायेगी। इसके अतिरिक्त निमटांड को तत्काल पानी टंकी उपलब्ध कराया जायेगा। सफल वार्ता के बाद कॉम चंद्रदेव महतो, सिंदरी बस्ती पंप हाउस पहुंचकर सभी आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए हर्ल के सहमति पत्र को पढ़े जिसके बाद धरना प्रदर्शन का समापन हुआ। गांव में पानी आ जाने से सिंदरी बस्ती के ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर है।

## विजयादशमी उत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस) द्वारा रविवार को संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महुदा क्षेत्र में विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संघ प्रार्थना, संघ गीत और पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई, जिससे वातावरण राष्ट्रभक्ति और ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। उत्सव के दौरान मछियारा चौक से स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित पथ संचलन करते हुए उत्साह, एकता और अनुशासन का अद्वितीय प्रदर्शन किया। घोष की



आनक की मधुर धुन पर कदमताल करते हुए स्वयंसेवकों की कतारें जब महुदा बाजार, ब्रह्म बाबा मंदिर से होते हुए पुनः मछियारा चौक स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, तो समूचा क्षेत्र राष्ट्रभावना से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पारंपरिक शस्त्र पूजन भी किया गया, जो संघ की सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक रहा। मंच से वक्ताओं ने संघ की शताब्दी वर्ष से संबंधित आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और समाज में सकारात्मक परिवर्तन हेतु स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# गोमिया के विभिन्न क्षेत्रों के खाद-बीज उर्वरक दुकानों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा के आदेश पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद शफीक आलम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी गोमिया महादेव महतो प्रखंड तकनीकी प्रबंधक बबलू सिंह संयुक्त रूप से गोमिया प्रखंड के अंतर्गत खाद बीज उर्वरक विक्रेताओं के दुकानों का औचक निरीक्षण किया। विदित हो की बोकारो जिला के कुछ जनप्रतिनिधियों रहे यह शिकायत की थी की बोकारो जिला में उर्वरक निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री हो रही है। साथ ही बाहर में उर्वरक को भेज दी जा रही है जिससे किसानों को सही समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आज गोमिया प्रखंड के साडम बाजार स्थित हरा भरा बीजकेंद्र, किसान बीज भंडार होसीर, यादव बीज भंडार डंडे साहू बीज भंडार गोमिया आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में बहुत से दुकानदारों के पास वितरण पंजी उपलब्ध नहीं था साथ ही किसानों को दिये जाने वाले कैश मेमो/रसीद उपलब्ध नहीं था। उर्वरक का वितरण पोस मशीन के माध्यम से किया जा रहा है, कुछ दुकानों पर पोस मशीन सही रूप से काम नहीं कर रहा था कुछ दुकानदारों ने डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगाया था जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सभी दुकानदारों को सख्त रूप से निर्देश दिया कि जल्द से जल्द डिस्प्ले बोर्ड, वितरण पंजी, भंडार पंजी आदि का संधारण करना सुनिश्चित करें। कुछ दुकानदारों के पास जो किसानों का सूची उपलब्ध था उनमें से कुछ किसानों से फोन पर बात कर उनसे बीज एवं उर्वरक का मूल्य के बारे में जानकारी प्राप्त किये कि उनको किस दर से यूरिया या धान का बीज उपलब्ध हुआ था।

## बेरमो विधायक की पहल से लोहा पुल की हुई मरम्मत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर (बेरमो)।** बैदकारो पूर्वी पंचायत अंतर्गत तीन नंबर कोल पट्टी काली मंदिर के समीप जर्जर लोहा पुल का बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के पहल पर मरम्मति कराई गई। इससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी खुश है। यह लोहा पुल काफी पुराना और जर्जर हो गया था। कई जगह सड़ कर टूट गया था। जिससे आस- पास के लोगों का आवागमन लगभग बंद हो गया था।



लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियां हो रही थी। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीरेंद्र कुमार सिंह बीस सूत्री सदस्य मनोज कुमार सिंह से यहां के ग्रामीणों ने लोहा पुल की मरम्मती कार्य कराने का आग्रह किया था। कांग्रेसी नेता और बीस सूत्री सदस्य के सहयोग और विधायक के पहल पर सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के द्वारा यह लोहा पुल का मरम्मती कार्य कराया गया। त्योहार के समय पुल का मरम्मती कार्य होने से क्षेत्र की जनता काफी खुश है। मरम्मती कार्य कराने के लिए क्षेत्र की जनता ने विधायक श्री सिंह को धन्यवाद दिया है।

# दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

इस अवसर पर अनेक विभूतियों को सम्मानित किया गया

लोक-नृत्य और लोकगीतों ने भारतीय संस्कृति की छटा बिखेरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया बल्कि अपने अभिभावकों और शिक्षकों को गौरवान्वित भी महसूस करवाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक रेवरेंड डॉ डीएन प्रसाद और मुख्य शैक्षणिक अधिकारी



रीता प्रसाद की ईश्वर वंदना (प्रार्थना) से हुई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, प्रिया रंजन, (ईडी वर्क्स, बोकारो स्टील प्लांट, सेल) विशिष्ट अतिथि- राजश्री बनर्जी ( ई.डी,एच.आर, बोकारो स्टील प्लांट, सेल) और सभागार में उपस्थित अन्य सभी अतिथियों, अभिभावकों का स्वागत करते हुए स्वागत-गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों में विविध लोक-नृत्य जैसे कि कश्मीरी, डोंगरी, राजस्थानी, गुजराती, असमिया, बंगाली ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं हिन्दी नाटक-'बिशपह्स कैंडल स्टिक' की प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि मानवता, करुणा और क्षमा किसी भी कठोर हृदय को बदल सकती है। यहां उल्लेखनीय है कि 'देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता' में प्रथम पुरस्कार प्राप्त नृत्य की प्रस्तुति पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। लोक-नृत्य और लोकगीतों ने भारतीय संस्कृति की छटा बिखेरी।

वर्ष 2024-25 में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड- परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय प्रबंधन की ओर से 'अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा' का सौभाग्य प्राप्त करने वाले कुल 'दस' विद्यार्थियों के लिए भी यह अवसर तब और भी खास और स्मरणीय बन गया, जब उन्हें विद्यालय की ओर से 'स्टार मेडल' से नवाजा गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक अजित कुमार सिंह (सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक- (SOF) पुरस्कार से पुरस्कृत), 'गुरु वशिष्ठ पुरस्कार' से पुरस्कृत विद्यालय की शिक्षिका शर्मी मरिया दास को भी विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्या पुरस्कार' से पुरस्कृत विद्यालय की प्राचार्या 'डॉ करुणा प्रसाद' को सम्मानित करने हेतु जब मंच पर आमंत्रित किया गया तब सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि 'प्रिया रंजन' ने विद्यालय की अनुशासनप्रियता और बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए इस बात पर बल दिया कि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे कि युवा पीढ़ी न केवल अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत कर सकेगी बल्कि वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति से रूबरू होकर उसे आत्मसात भी कर सकेगी।

# बाघमारा में बेलगाम अपराध: दिनदहाड़े बम विस्फोट का वीडियो वायरल, जनता में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/बरोरा।** बाघमारा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों का ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ता जा रहा है। अब स्थिति यह हो गयी है कि अपराधियों में कानून और पुलिस प्रशासन का खौफ ही खत्म होता जा रहा है। हालांकि, जिले में नये पुलिस कप्तान प्रभात कुमार के आगमन के बाद से अपराध नियंत्रण को लेकर कुछ सकारात्मक बदलाव जरूर देखने को मिले हैं। इसी बीच, एक चौंकाने वाला वीडियो सोशल



युवक खुले मैदान में बम फोड़ता हुआ।

मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जो बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंदरा पंचायत के खोखीबीघा बस्ती का दावा किया जा रहा है। जिसने इलाके में सनसनी फैला दी है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक युवक खुले मैदान में बम फोड़ रहा है, जबकि दूसरा युवक उसका वीडियो बना रहा है–मानो यह कोई 'बम परीक्षण' हो। इस वीडियो ने पुलिस की सक्रियता और गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गयी, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस घटना की गहराई से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# एक्टर विजय की रैली में भगदड़ से मरनेवालों की संख्या 40 पहुंची

## 9 साल की बच्ची के खोने की खबर से बेकाबू हुई भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैन्नई ।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में शनिवार शाम को भगदड़ मच गयी। सीएम स्टालिन के मुताबिक हादसे में 40 लोगों की मौत हो गयी। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 51 लोग क्ळव में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

इधर, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने रात को ही हाईलेवल मीटिंग ली और देर रात को ही करूर पहुचें। स्टालिन ने हॉस्पिटल जाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और घायलों से मुलाकात की है। उधर, गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। वहीं, घटना के बाद विजय घायलों से नहीं मिले। वे चार्टर्ड फ्लाइट से सीधे चेन्नई चले गये।

इस बीच घटना के बाद करूर से तुरंत चेन्नई रवाना हुए विजय ने रविवार सुबह इस घटना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख जताया। साथ ही कहा कि उनकी पार्टी और कार्यकर्ता सभी प्रियजनों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का एलान किया गया है।

अभिनेता विजय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, करूर में कल जो कुछ हुआ, वह कल्पना से परे है। उसके बारे में सोचते ही मेरा दिल और दिमाग गहरे बोझ से दब जाते हैं। अपने प्रियजनों को खोने के असीम दुख के बीच, मेरे पास अपने हृदय की पीड़ा को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। मेरी आंखें और मन शोक से ढंके हुए हैं।

उन्होंने आगे कहा, आप सबके चेहरे, जिनसे मैं मिला हूं बार-बार मेरी यादों में उभर रहे हैं। जैसे-जैसे मैं उन प्रियजनों के बारे में सोचता हूँ, जिन्होंने स्नेह और देखभाल दिखाई है, मेरा दिल और भी अस्थिर हो जाता है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि हमारे सभी प्रियजन जो घायल हैं और इलाज करा रहे हैं, वे शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौटें। मैं यह भी आश्वासन देता हूं कि हमारी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) इलाज करा रहे सभी प्रियजनों को दृढ़ता से आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी।

### पीएमओ ने किया मुआवजे का एलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से करूर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गयी है। घायलों को 50,000 रुपये देने का एलान किया गया है। इससे पहले शनिवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना को बेहद दुखद बताया था। उन्होंने कहा था, मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। इस कठिन समय में ईश्वर उन्हें शक्ति प्रदान करे। पीएम ने घायलों के लिए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना भी की।

# बिहार के साथ ही घाटशिला उप चुनाव कराने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने आज बिहार विधानसभा चुनाव के साथ साथ अन्य राज्यों में भी विधानसभा उप चुनाव कराए जाने की आधिकारिक घोषणा की। निर्वाचन आयोग के डिप्टी डायरेक्टर पी पवन द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के साथ साथ झारखंड की घाटशिला, जम्मू-कश्मीर के बपदवाम और नगरौटा, राजस्थान के अंटा, तेलंगाना के जुबली हिल्स, पंजाब के तरनतारन, मिजोरम के डंपा और उड़ीसा के नौपदा विधानसभा उप चुनाव भी कराए जाएंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग अखिल भारतीय सेवा के 470 अधिकारियों को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त करेगा। उनमें 320 आईएएस, 60 आईपीएस एवं 90 अधिकारी आईआरएस, आईआरएएस एवं आईसीएस सेवा के होंगे। जानकारी के अनुसार निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाने के लिए झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारियों का नाम भी मांग चुका है। हालांकि अभी तक झारखंड द्वारा भेजे गए नामों में किसे पर्यवेक्षक बनाया जाएगा, इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है। यहां मालूम हो कि झामुमो विधायक सह मंत्री रामदास सोरेन के निधन से झारखंड के घाटशिला विधानसभा का अभी कोई प्रतिनिधि नहीं है। वहां से कोई विधायक नहीं है। हालांकि बिहार के साथ साथ घाटशिला विधानसभा उप चुनाव के संकेत पहले से थे। इसके मद्देनजर ही इंडिया और एनडीए गठबंधन के संभावित प्रत्याशियों ने अपना अपना चुनाव प्रचार अभियान प्रारंभ कर दिया है। इनमें स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरन प्रमुख हैं। सोमेश बतौर झामुमो प्रत्याशी और बाबूलाल भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना प्रचार अभियान चला रहे हैं।

## मिथुन मन्हास बीसीसीआइ के नये अध्यक्ष



**नयी दिल्ली।** फॉर्मर डोमेस्टिक क्रिकेटर मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ के अध्यक्ष बन गये है। वे 37वें बीसीसीआइ अध्यक्ष हैं। इसका ऐलान रविवार को मुंबई में बीसीसीआइ ऑफिस में हुई एनुअल जनरल मीटिंग के बाद हुआ। मन्हास इस पद पर निर्विरोध चुने गये। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर मिथुन मन्हास को बधाई दी। उन्होंने लिखा- मिथुन मन्हास आधिकारिक रूप से बीसीसीआइ के अध्यक्ष बन गये हैं।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना ने दो आतंकी ढेर किये

**जम्मू-कश्मीर** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी छड्डउ पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, शव लोक के बहुत करीब पड़े हैं। सीमा पार से गोलीबारी के खतरे को देखते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें निकालने का अभियान जारी है। मारे गये आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन की जानकारी अभी सामने नहीं आयी है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : हजारीबाग–बानादाग खंड के बीच नई दोहरी लाइन के निर्माण के संरेखण में आने वाले विद्युत एचटी (33/11 केवी)/एलटी ओवरहेड लाइनों के अवरोध को हटाना और बानादाग रैपिड लोडिंग यार्ड, एफओबी और सर्कुलेटिंग एरिया में प्रकाश व्यवस्था तथा निर्माण कार्यालय हजारीबाग, कार्यालय भवन, अधिकारी विश्राम गृह, अधिकारी/कर्मचारी क्वार्टर, सर्कुलेटिंग एरिया एवं मु.वि.ई./निर्माण/दक्षिण/एमएचएक्स के तहत किसी अन्य स्थान पर नवीकरण/उन्नयन के संबंध विद्युत कार्य। e-Tender No. EL-C-S-MHX-ETEN-04-25-26. 2. अनुमानित कार्य की लागत : ₹14,27,17,791.22, 3. निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू शून्य। 4. जमा किए जाने वाले बयाना राशि : NIT के अनुसार। 5. कार्य पूर्ण करने का समय : 06 माह। 6. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय : 17.10.2025 दोपहर 12.00 बजे तक। 7. निविदा की उपलब्धता : IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in.

हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता–II/
निर्माण/दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/1046/एमएचएक्स/विद्युत/टी/25–26/36




# पांच दिन की हिरासत में भेजा गया आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के वसंतकुंज स्थित आश्रम में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपित स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को शनिवार रात पुलिस ने आगरा के ताजगंज इलाके के एक होटल से गिरफ्तार किया। रविवार को आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से आरोपी की पांच दिन की हिरासत की मांग की, जिसे जज ने मंजूरी दे दी। माना जा रहा है कि पुलिस की पूछताछ में आरोपी कई बड़े खुलासे कर सकता है।

**तीन अरब से अधिक की संपत्ति पर चाहता था कब्जा करना :** दिल्ली पुलिस ने स्वामी को आगरा से बीती रात करीब 3.30 बजे पकड़ा है। इस बीच चैतन्यानंद उर्फ पार्थसारथी को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। बताते हैं कि पाखंडी मठ की तीन खरब से अधिक की संपत्ति पर कब्जा करना चाहता था। इसके लिए उसने पीठ के विश्वास को तोड़ा, ताकि वह इस संपत्ति पर कब्जा कर सके।





























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**